गुरुज्ञान
भाग्य तभी साथ देता है, जब मेहनत और लगन का सहारा हो !!
www.tripuritimes.com

# त्रिपुरी टाइम्स



वर्ष 09 अंक 83 | जबलपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024 | tripuritimes@gmail.com | पृष्ठ संख्या : 8 | मूल्य : 2 रुपए | 03

## गहलोत का बेटा भी बड़े अंतर से हार रहा है चुनाव:शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा करते हुए कहा है कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की सभी 12 लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में जा रही हैं और दूसरे चरण के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बेटा भी अपने क्षेत्र से बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। श्री शाह ने शनिवार को भीलवाड़ा के शकरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का पहला चरण का चुनाव था और इस चरण की सभी बारह सीटें श्री मोदी की झोली में जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में हैट्रिक करके तीसरी बार सभी 25 सीटें श्री मोदी की झोली में डालेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में श्री गहलोत अपने बेटे के चुनाव में ही उलझ कर रह गये हैं और उनका बेटा भी बड़े अंतर से चुनाव हार रहा हैं। श्री शाह ने इस बार लोकसभा चुनाव को दो खेमों में बंटा हुआ बताते हुए कहा कि एक ओर 12 लाख करोड़ घपले, घोटाले एवं भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री रहने के दौरान कोई आरोप नहीं हैं, ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने हर तीन महीने विदेश में वेकेशन करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं वहीं 23 साल से आज तक दीपावली की छुट्टी भी नहीं करने वाले श्री मोदी है जिन्होंने एक भी छुट्टी नहीं ली हैं। एक ओर कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एजेंडा अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाने का हैं जबकि श्री मोदी का एजेंडा भारत को महान भारत बनाने का हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ चांदी की चम्मच मुंह में ल कर पैदा हुए श्री राहुल गांधी हैं, दूसरी तरफ चाय बनाने वाले के घर में पैदा हुए नरेन्द्र मोदी है। एक तरफ गरीबी हटाओं के खोखले नारे देने वाली कांग्रेस पार्टी हैं दूसरी और 80 करोड़ गरीबों का कल्याण करने वाले श्री मोदी है। उन्होंने कहा कि वह केवल भीलवाड़ा की ही बात नहीं करते बल्कि इस चुनाव में जहां भी गए हैं वहां लोग मोदी-मोदी ही की बात करते नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं अबकी बार मोदी सरकार। श्री शाह ने कहा कि मोदी को वोट देने का मतलब महान भारत की रचना करना है। उन्होंने कहा कि दस साल के अंदर श्री मोदी ने जनता से जो वादे किए वे सारे पूरे करने का काम किया गया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजस्थान में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का राजस्थान से क्या वास्ता के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान से इतने लोग सेना में गए हैं और कश्मीर के लिए राजस्थान ने अपने बेटे बलिदान किए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पिछले 70 साल तक अनुच्छेद 370 को संभालकर रखी लेकिन श्री मोदी ने इसे हटाने का काम किया। देश में भव्य राम मंदिर बनाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि जबकि कांग्रेस राममंदिर के मुद्दे को लटकाती, अटकाती एवं भटकाती रही लेकिन जब जनता ने श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो राम मंदिर मामले में न्यायालय का फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस के लोगों ने वोट बैंक की वजह से राम लला के दर्शन करने भी नहीं गए। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की वजह से जो लोग राम लला के दर्शन नहीं करते हैं उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करती। श्री शाह ने कहा कि पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह की सरकार के दस साल के समय में पाकिस्तान से आतंकवादी भारत में घुस जाते और बम धमाके करते थे। मोदी सरकार के समय भी पुलवामा में आतंकवादी हमला हुआ लेकिन इसके दस दिन में ही सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आंतकवादियों का सफाया करने का काम किया गया। देश में नक्सलवाद भी समाप्त कर देश को सुरक्षित एवं साथ में समृद्ध करने का काम किया गया हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में देश को आर्थिक रुप से मजबूती मिली हैं और देश अर्थव्यवस्था में दुनियां में जहां 11वें नम्बर पर था उसे पांचवें नंबर पर ला दिया गया है और श्री मोदी जब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत अर्थव्यवस्था में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन जायेगा।

## अश्लीलता में बच्चों के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अश्लील सामग्री के निर्माण में बच्चों के उपयोग पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने चिंता जाहिर की है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ऑफ फरीदाबाद और नयी दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन) की अपील पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। दोनों संगठन बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ क अध्?यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, हो सकता है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना अपराध नहीं हो, लेकिन अश्लील सामग्रियों के निर्माण में बच्चों का इस्तेमाल किया जाना अपराध हो सकता है और यह गंभीर चिंता का विषय है।मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल बाल अश्लील सामग्री डाउनलोड करना और देखना बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। शीर्ष अदालत ने बाल अधिकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को मामले में हस्तक्षेप करने और 22 अप्रैल तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दी। सीजेआई ने कहा, ह्वबहस पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को भयावह करार दिया था, जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना पॉक्सो अधिनियम और आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है। हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्च न्यायालय राजी हो गया था। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द भी कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप लगाया गया था। दो संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का ने उच्च न्यायालय के फैसले से असहमति जताई और पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया।

## हिमाचल कांग्रेस और प्रियंका गांधी के करीबी तजिंदर सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले से ही कांग्रेस नेता पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टियां ज्वाइन कर रहे हैं। वहीं हिमाचल कांग्रेस को एक ओर झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश प्रभारी सचिव और प्रियंका गांधी के करीबी तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के बाद से ही कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आई हैं। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी सचिव और प्रियंका गांधी के करीबी तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपा। पत्र में उन्होंने लिखा कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और एआईसीसी, हिमाचल प्रदेश के सचिव सह-प्रभारी पद से तुरंत प्रभाव से अपना इस्तीफा दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की मुश्किल उस दौरान और बढ़ गई थी जब हिमाचल के राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के छह विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के हित में मतदान किया। इसी बीच कुछ ही समय में उन विधायकों ने भाजपा ज्वाइन कर ली। जिसके बाद से कांग्रेस सरकार में अस्थिरता बढ़ती गई।

## सुपर नटवरलाल धनीराम मित्तल का निधन, पर सालों जिंदा रहेंगे कारनामे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 85 साल के धनीराम मित्तल उर्फ सुपर नटवरलाल नहीं रहे। परिवार ने निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया। बेशक धनीराम अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनके अहिंसक कारनामों की लंबी फेहरिस्त और किस्से दिल्ली ही नहीं यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान समेत अनेकों राज्यों की पुलिस फाइलों में उन्हें जिंदा रखेंगे। उनके अनेको अनूठे किस्सों की वजह से अक्टूबर 2022 में बॉलीवुड के एक बड़े डायरेक्टर ने धनीराम की बायोग्राफी पर उनके साथ फिल्म साइन की। बहुत जल्द ही धनीराम पर बनी फिल्म रिलीज होगी। साथ ही बड़ी साफगोई से कहा मैं अहिंसक अपराधी हूं।।। किसी को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया, लोग खुद धोखा खाते हैं। पुलिस अफसर के मुताबिक, ग्राफोलॉजी (हूबहू लिखावट और हस्ताक्षर) के मास्टर धनीराम मित्तल पर 150 से अधिक जालसाजी के केस दर्ज हैं। चार सौ बीसी में कानूनी दांव पेच के लिए धनीराम ने एलएलबी भी की जिसके बाद अपने अधिकतर केस की पैरवी वो खुद ही करते थे। दिल्ली में धनीराम मित्तल के कारनामों पर सबसे ज्यादा एसीपी राजपाल डबास (तब एसआई, फिर इंस्पेक्टर रहे) ने एक्शन लिया। वह धनीराम की एक-एक खुराफात से वाकिफ थे। पीसीआर में तैनात एसीपी राजपाल ने अधिकतर कार चोरी और अन्य केसों में धनीराम को गिरफ्तार किया था। उम्रदराज हो चुके धनीराम कुछ समय पहले नरेला, फिर हाल ही में बुराड़ी इलाके में रह रहे थे। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 70 के दशक में धनीराम मित्तल ने एक दिन अखबार में खबर पढ़ी। लिखा था कि झज्जर के एडिशनल जज के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश। खबर पढ़कर धनीराम झज्जर कोर्ट परिसर पहुंचे। वहां जानकारी टटोली। इसके बाद एक लेटर टाइप कर सीलबंद लिफाफे में रखा। जिस जज के खिलाफ विभागीय जांच थी, उनके नाम पर पोस्ट किया। बाकायदा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की मुहर और हस्ताक्षर भी कर दिए। लेटर में विभागीय जांच पूरी होने तक जज को दो महीने की छुट्टी का हुक्म था। असली चिठ्ठी मानकर जज चले गए। उसके अगले दिन एक और हरियाणा हाईकोर्ट के नाम से लिफाफा पहुंचता है जिसमें लिखा था कि चूंकि उन एडिशनल जज के खिलाफ जांच चल रही है, ऐसे में कोर्ट का काम न रुके, इसलिए इतने दिनों तक नए जज चार्ज संभालेंगे। जिस डेट का ऑर्डर था, उसी दिन सुबह धनीराम एक अलग से हरियाणा हाईकोर्ट का लेटर लेकर जज की वेशभूषा में पहुंचते हैं। कोर्ट स्टाफ ने उनको चैंबर दिखाया। उसके बाद मुल्जिमों को पेश किए जाने का हर रोज सिलसिला शुरू होने लगा। हां, संगीन केस में जमानत नहीं दी। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, धनीराम के जज बनने की मिसाल इस देश को तो छोड़िए दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी। 40 दिनों में हजारों फैसले सुनाए, 2470 अपराधियों को जमानत दे डाली। बाद में पोल खुलते ही धनीराम फरार। बता दें कि धनीराम 1939 में भिवानी में पैदा हुए थे।

## ओडिशा में नाव पलटने से सात लोगों की मौत, सीएम ने की सहायता की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक नदी में नाव पलटने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे। कई लोग लापता भी हो गए थे। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताया है और दुर्घटना में मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार घटना झारसुगुड़ा के लखनपुर ब्लॉक के सारदा के पास महानदी नदी में घटित हुई। बताया जा रहा है कि एक नाव बच्चों और महिलाओं को लेकर जा रही थी, जो अचानक पलट गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। नाव जैसे ही पलटी, चीख-पुकार मच गई। रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मछुआरों ने तुरंत लोगों को बचाने में जुट गए । डीजी ने बताया कि सूचना के बाद रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया था। रेस्क्यू अभियान गोताखोरों की मदद से चलाया गया। दो स्पेशलिस्ट स्कूबा गोताखोरों को पानी के नीचे कैमरों के साथ उतारा गया। रेस्क्यू के लिए झारसुगुड़ा के लिए भुवनेश्वर से टीम भेजी गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरगढ़ जिले के बांधीपाली क्षेत्र से एक नाव यात्रियों को लेकर जा रही थी। जब नाव पलटी, उस समय कुछ स्थानीय मछुआरे मौजूद थे, जिन्होंने नदी मे डूब रहे 40 से अधिक लोगों को बचाया। वहीं जो लोग लापता हो गए थे, रेस्क्यू टीम को उनके शव मिले हैं।

**नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे, मछुआरों ने 40 को बचाया**

## हम जेल से नहीं डरते, हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए

### केरल के सीएम पिनाराई विजयन का राहुल गांधी के बयान पर पलटवार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा क्यों है कि ईडी ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने विजयन पर निशाना साधते हुए कहा था कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के सीएम विजयन उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। राहुल ने यह भी कहा था कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की थी, उनकी लोकसभा सदस्यता और घर भी छीन लिया और वर्तमान में विपक्ष के दो मुख्यमंत्री जेल में बंद है, लेकिन केरल के सीएम विजयन के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में राहुल गांधी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उनको और वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। विजयन ने कहा आपकी दादी ने हममें से ज्यादातर लोगों को डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। विजयन ने कहा हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए। विजयन ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का हवाला देते हुए तंज कसा कि हम वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते। उन्होंने प्रियंका गांधी पर भी हमला बोला और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉण्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी द्वारा 2019-2022 के दौरान भाजपा को चुनावी बॉण्ड के रूप में 170 करोड़ रुपये दिए जाने के बाद वे खत्म हो गए।

## अपनी कमाई से अर्जित संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत नहीं कर सकते कुर्क

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम के आदेश को मनमाना मानते हुए किया रद्द



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम के आदेश को मनमाना मानते हुए उसे रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि अपनी कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने डीएम से इस मामले में नए सिरे से विचार कर आदेश पारित करने को कहा है। संभल जिले के हजरत नगरगढ़ी थाने में गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी पर डीएम के आदेश को कोर्ट ने रद्द कर दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति गजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने रजी हसन और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने डबल स्टोरी मकान खुद की कमाई से बनाया है। न कि गैंगस्टर रहबर हसन द्वारा अवैध तरीके से एकत्र किए धन से। डीएम ने उक्त मामले में पुलिस रिपोर्ट को आधार मानते हुए संपत्ति कुर्की का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है, जिसका पालन किया जाना अनिवार्य था। डीएम ने यह आदेश बिना सोचे समझे यांत्रिक तरीके से पारित कर दिया जो कि मनमाना है। मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप था कि उसने डबल स्टोरी का मकान अवैध रूप से अर्जित संपत्ति से बनवाया है। वह एक गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो लोगों को डराना, धमकाने के साथ पैसे की वसूली करवाता है। लोगों में भय और आतंक फैलाता है, यही वजह है कि कोई भी उनके खिलाफ गवाही देने की हिम्मत नहीं करता। वे लगातार अपराध में लिप्त हैं और उन्हें स्वतंत्र रखना सुरक्षित नहीं है। लिहाजा, प्राथमिकी दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। डीएम ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर उसकी संपत्ति को कुर्क करने का आदेश पारित कर दिया।

## अब माफिया मुख्तार के भाई अफजाल की बढ़ी मुश्किलें, गाजीपुर से कट सकती है टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में माफियाओं को संरक्षित करने और उन्हे पोषित करने के आरोप समाजवादी पार्टी पर लगते रहे हैं। हालांकि कई बार इन माफियाओ का सपा ने उपयोग कर चुनावी लाभ लिया है। अब यही माफिया समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की नाक में दम कर रहे हैं। जिसके चलते राज्य की 8 लोकसभा सीटों पर पार्टी को कई बार अपने प्रत्याशी बदलना पड़े हैं। हो सकता है कि गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी का टिकट काटकर किसी दूसरे को देना पड़े। वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी की उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई है। उन्हें समाजवादी पार्टी ने गाजीपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन अब उनका टिकट काटा जा सकता है और किसी अन्य को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अफजाल को गैंगस्टर मामले में मिली चार साल की सजा के खिलाफ दाखिल अफजाल की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। समय कम होने की वजह से जस्टिस संजय सिंह ने मामले में 2 मई की तारीक मुकरर कर दी है। जबकि अफजाल अंसारी के वकील लगातार जल्द सुनवाई की मांग कर रहे थे। जिस पर जस्टिस संजय सिंह ने मना कर दिया। अफजाल अंसारी की 4 साल की सजा पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी और जिसके बाद अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता बहाल हो गई है। समाजवादी पार्टी ने अफजाल अंसारी को गाजीपुर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है, लेकिन अगर हाईकोर्ट से सजा बहाल रहती है या फिर बढ़ाई जाती है तो फिर अफजाल अंसारी की मुश्किलें बढ़ेंगी और वह लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे।

## पश्चिम बंगाल के पुलिस अफसरों पर भारी पड़ी रामनवमी की हिंसा,दो पर गिरी गाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुर्शिदाबाद के शक्तीपुर में 17 अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी। इसमें कम से कम 19 लोग घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक ऑफिसर इन चार्ज भी हिंसा में घायल हो गए थे। अब चुनाव आयोग आदेश के बाद शक्तीपुर की कानून व्यवस्था पुलिस हेडक्वार्टर के हाथ में है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सस्पेंड किए गए अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट भी तैयार की जाएगी। आयोग ने दो पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। पोल पैनल ने अपने पत्र में कहा, चुनाव आयोग को पता चला है कि शक्तीपुर और बेलदाणा के ऑफिसर इन चार्ज हिंसा और दंगों को रोक पाने में सफल नहीं हुए ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इधर सीएम ममता बनर्जी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने ही रामनवमी के मौके पर हिंसा भड़काई थी। इसी प्लान के तहत मुर्शिदाबाद के डीआईजी मुकेश कुमार को उस दिन शिफ्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा, यह हिंसा पहले से ही निर्धारित थी। बनर्जी ने कहा, ह्वभाजपा अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए केवल खून-खराबा और हिंसा में यकीन रखती है। भाजपा राज्य में हिंसा करा रही है। भाजपा के नेता क्यों हथियारों के साथ शोभायात्रा में शामिल होते हैं और अदालत के आदेश का उल्लंघन क्यों करते हैं? उन्हें किसने हथियारों के साथ रैली करने को कहा है? उन्हें किसने अनुमति दी?ह्वभाजपा विधायक ने एक दिन पहले भी हंगामा किया था। इसके अलावा वह रामनवमी के मौके पर हथियार लेकर क्यों गए थे। मैं भाजपा कमीशन से पूछान चाहती हूं कि रामनवमी से पहले डीआईजी को क्यों हटा दिया गया। क्या भाजपा की मदद से यह सब किया गया था। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर कहा था कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे रामनवमी के जुलूस पर कुछ उपद्रवियों ने हमला कर दिया। वहीं ममता की पुलिस उपद्रवियों का साथ दे रही थी और श्रद्धालुओं पर आंसू गैस के गोले छोड़ रही थी। इसके बाद जुलूस को तितर-बितर कर दिया गया। अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव ह्वदेश की आजादी की दूसरी लड़ाईह्ल से कम नहीं है, क्योंकि केंद्र की सत्ता में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए भाजपा के बने रहने से संविधान और लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। जंगीपुर में एक और चुनावी रैली में, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि निर्वाचन आयोग को ह्वह्वभाजपा के आयोगह्लह्ल के रूप में काम नहीं करना चाहिए।

### होशंगाबाद में बोले सीएम मोहन यादव

# पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश पीएम मोदी उनके देश में होते

**होशंगाबाद।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश उनके देश में उनके जैसा कोई नेता होता। सीएम यादव ने यह बात होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला। सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बोए गए बीजों के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भी भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। क्योंकि, पड़ोसी देश में अस्तित्व का संकट है। दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'पूर्व प्रधानमंत्री




नवाज शरीफ समेत पाकिस्तान के नेता लगातार कह रहे हैं कि काश नरेंद्र मोदी वहां (पाकिस्तान में) होते। अगर, आप नेता हैं तो ऐसा बनें कि आपका दुश्मन भी आपकी तारीफ करे। यह नेता (मोदी) हमें गौरवान्वित करते हैं। कांग्रेस की आलोचना करते हुए सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस के माथे पर देश को भारत और पाकिस्तान में बांटने का कलंक है। देश के विभाजन के समय भाजपा या जनसंघ नहीं था। कांग्रेस द्वारा बोए गए बीज के कारण देश का विभाजन हुआ। आधा पंजाब पाकिस्तान में चला गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धारा 370 को निरस्त करने के समय भी लोगों में डर पैदा किया। जब इसे हटाया जा रहा था, तब कांग्रेस ने कहा था कि अगर ऐसा हुआ तो देश में खून की नदिया बहेंगी। सीएम यादव ने कहा कि खून की नदियां तभी बहेंगी जब रगों में खून होगा। आपकी (कांग्रेस) रगों में पानी है। देश जश्न मना रहा है क्योंकि धारा 370 का कलंक मिट गया। उन्होंने कहा, पीओके के लोग भी इतने खुश हैं कि वे भारत में शामिल होना चाह रहे हैं। क्योंकि, पाकिस्तान में गुजारा करना मुश्किल है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कंट्रोल रूम से की मतदान की सतत मॉनिटरिंग

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में सभी छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में हुए मतदान सहित अन्य व्यवस्थाओं की इलेक्शन कंट्रोल रूम से सतत मॉनिटरिंग की। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई थी। छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में कुल 13 हजार 588 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया गया। वेबकास्टिंग के जरिये 8 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर हुई समस्त गतिविधियों का लाइव प्रसारण और सीसीटीवी कैमरे से विशेष निगरानी की गई। श्री राजन ने मतदान प्रक्रिया की इलेक्शन कंट्रोल रूम से लाईव मॉनिटरिंग, सेक्टर ऑफिसर्स के जीपीएस लगे वाहनों की लाईव



ट्रेकिंग, सेक्टर ऑफिसर्स की लाईव अपडेट सहित मतदान दलों द्वारा कराई जा रही मतदान प्रक्रिया, एफएसटी व एसएसटी की लोकेशन ट्रेकिंग व अन्य व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कार्य का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का मतदान केन्द्रों तक परिवहन करने वाले मतदान दलों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों में जीपीएस डिवाइस भी लगाई गई है। इस कार्य की निरंतर निगरानी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से की जा रही है।

# पहले आपको सुनता था, तो गर्व होता था, अब दया आती है

### सिंधिया पर कांग्रेस नेता अरुण यादव का तंज

**भोपाल।** देशभर में इन दिनों लोकसभा चुनाव 2024 चल रहा है। प्रथम चरण की वोटिंग हो चुकी है और इस दौरान नेताओं के बीच जुमानी जंग जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव



ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि ह्यप्रिय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, पहले आपको सुनता था, तो गर्व होता था, फिर हंसी आने लगी, फिर शर्म भी आने लगी और अब तो दया ही आ जाती है। उन्होने लिखा कि सिंधिया जी आप क्या बोल रहे हैं? कहां बोल रहे हैं? कैसे बोल रहे हैं? क्यों बोल रहे हैं? कब बोल रहे हैं? किसके लिए बोल रहे हैं? क्या बोलने से पहले सोच रहे हैं?- कुर्सी बचाने के लिए "चरण-वंदना" जरूर कीजिए, हर हाल में कीजिए और करते ही रहिए, क्योंकि, यही आपकी विवशता है! अब यही आपका धर्म है! इसलिए, करना ही पड़ेगा।

चिंता बस यह है कि "स्तुति-गान" करते-करते जब आप भावुक हो जाते हैं, तब बहक जाते हैं, जिस चेहरे को 2014 में लोग देखना चाहते थे, उसे चेहरे को 2024 में धिक्कार रहे हैं। कर्ज, गरीबी और बेरोजगारी के लिए जो चेहरा सीधे तौर पर अपराधी है, आप उसका झूठा आभामंडल पूरी दुनिया में बता रहे हैं। जिसे देश स्वीकार नहीं कर रहा, दुनिया क्यों करेगी। फिर भी यदि भाजपा के मतलबियों के बीच मजबूर हो गए हैं, तो भक्ति गीत-संगीत का सहारा जरूर लें, लेकिन, ऐसा आलाप लेकर एकांत को ही उपकृत करें, कृपा करें।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक शुक्ला समेत सैकड़ों पूर्व पदाधिकारी-कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के बीच मध्य प्रदेश में कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। एक के बाद एक कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अब 19 अप्रैल को मतदान के बाद शनिवार को एक बार फिर पूर्व विधायक समेत कई कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , न्यू




ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के समक्ष भाजपा कार्यालय में कांग्रेस के शिवपुरी के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, मध्य प्रदेश कांग्रेस सिंधी कल्याण समिति के पूर्व प्रदेश महामंत्री महेश गुरबाणी, प्रदेश कांग्रेस पूर्व महासचिव कमल सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री कांग्रेस शिवपुरी आलोक शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया संगठन (टीम कमलनाथ) गौरव शर्मा, पूर्व महासचिव प्रदेश कांग्रेस अमित दांतरे, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष जुझारपुर अमर सिंह यादव, सेवादल कांग्रेस उपाध्यक्ष होशंगाबाद राहुल सिंह समेत कांग्रेस पार्षद, सरपंच-उपसरपंच और 100 से अधिक पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# भोपाल लोकसभा सीट से 3 कैंडिडेट के नॉमिनेशन निरस्त

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट पर 28 कैंडिडेट ने कुल 41 नॉमिनेशन जमा किए थे। शनिवार सुबह 11 बजे इनकी जांच की गई। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में हुई जांच में कांग्रेस की डमी प्रत्याशी जयश्री हरिकरण के 3 नॉमिनेशन निरस्त हो गए, जबकि उनका निर्दलीय नामांकन सही है। इसी तरह सोमश्री, प्रकाश और एके जीलानी के नामांकन भी निरस्त हो गए हैं। अब 25 कैंडिडेट बचे हैं।



नामांकन की जांच की प्रक्रिया एक घंटे में पूरी हो गई। भोपाल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव के अलावा डमी के रूप में जयश्री हरिकरण ने भी नामांकन भरा था। उनके 3 फॉर्म निरस्त हो गए। उन्होंने एक नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी भरा है। ऐसे में नाम वापसी के दौरान उन्हें निर्दलीय भरा नामांकन वापस भी लेना पड़ेगा। जयश्री 6 महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में बैरसिया से कांग्रेस कैंडिडेट थीं। वे बीजेपी के विष्णु खत्री से हार गई थीं। संपत्ति के मामले में वे भी करोड़पति हैं।

# कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत के भाजपा में शामिल होने की भी अटकलें

### 25 को हो सकते है शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे है। अब फिर एक कद्दावर नेता के कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने की अटकलें तेज हो गई है। कांग्रेस के 6 बार के वरिष्ठ विधायक, पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्किंग प्रेसिडेंट रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो सकते हैं। रावत 25 अप्रैल को मुरैना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भाजपा में शामिल हो सकते है। बताया जा रहा है कि रावत पार्टी की उपेक्षा से नाराज चल रहे है। हालांकि रावत की तरफ से भाजपा में जाने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



श्योपुर के विजयपुर से विधायक रामनिवास रावत मुरैना में कांग्रेस की टिकट वितरण को लेकर भी नाराज है। बताया जा रहा है कि उनको पार्टी के वरिष्ठ नेता मनाने में जुटे हुए है। रावत ने भी मुरैना लोकसभा सीट से 2019 में चुनाव लड़ चुके है। वह नरेंद्र सिंह तोमर से 1 लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। रावत ने 1993 से 1998 तक मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सरकार में राज्य मंत्री और 1998 में एमपी के कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य कर चुके है।

# तीसरे चरण के अंतिम दिन 61 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन पत्र

### तीसरे चरण में 144 अभ्यर्थियों ने दाखिल किये हैं 223 नाम निर्देशन पत्र

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज सम्पन्न हुई। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को 61 अभ्यर्थियों ने 99 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया है तीसरे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना में 18 अभ्यर्थियों द्वारा 25 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) में 9 अभ्यर्थियों द्वारा 19 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-3 ग्वालियर में 22 अभ्यर्थियों द्वारा 32 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-4 गुना में 17 अभ्यर्थियों द्वारा 25 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-5 सागर में 14 अभ्यर्थियों द्वारा 22 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 19 अभ्यर्थियों द्वारा 23 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 28 अभ्यर्थियों द्वारा 41 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-20 राजगढ़ में 16 अभ्यर्थियों द्वारा 35 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-29 बैतूल (अजजा) के लिये बहुजन समाज पार्टी के 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

# शहर काजी ने भौतिक खुदाई पर उठाए सवाल

### कहा- कोई ऐसा अधिकारी है जो सुको की गाइड पालन कराए

भोपाल। कमाल मौला मस्जिद विरुद्ध भोजशाला मामला हाईकोर्ट के आदेश के तहत पुरातत्व सर्वे की बारीकियों में उलझा हुआ है। आरोप है कि पुरातत्व विभाग ने भौतिक खुदाई के मस्जिद में गड्ढे कर दिए हैं, जिससे यहां हर जुमा को होने वाली नमाज बाधित होने लगी है। धार शहर काजी ने इन प्रक्रियाओं पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना करार दिया है। उन्होंने अफसरशाही को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। शहर काजी ने सवाल उठाया हुए कहा कि क्या ऐसा कोई अधिकारी नहीं है, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन करवा सके। बरसों से जारी व्यवस्था के मुताबिक बीते शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबी जुमा की नमाज पढ़ने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पुरातत्व विभाग द्वारा की जा रही प्रक्रिया को नियम विरुद्ध और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के इतर पाया। इसे लेकर शहर काजी वकार सादिक ने मीडिया से कहा कि आर्कोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने मस्जिद के अंदर बाएं तरफ खुदाई कर बड़े बड़े गड्ढे कर दिए हैं, जो माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। शहर काजी ने बताया कि जिस तरह से वहां खुदाई हुई उससे इस जगह पर नमाजी नमाज पढ़ने से वंचित रह रहे हैं। ये हमारे मूल अधिकारों और मानव अधिकारों का हनन है। शहर काजी ने पूछा कि क्या ऐसा कोई अधिकारी नहीं हैं, जो माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अक्षरशः पालन



करा सके? क्या इनके ऊपर कोई अधिकारी नहीं है, यहां कब तक इनकी मनमानी चलेगी? शहर काजी ने ये भी बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने भी अपने आदेश में कहा हैं कि इस प्रकार सर्वे करें कि उस इमारत को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो, लेकिन इन लोगों ने मस्जिद की इमारत का मूल स्वरूप परिवर्तित कर दिया है। ये घोर आपत्तिजनक है और माननीय उच्च न्यायालय और माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

**दावाः सदियों से हो रही नमाजः** शहर काजी ने बताया की 1307 ईस्वी में मस्जिद बनी थी, तबसे ही इस मस्जिद में निरंतर नमाज जारी है। हर चीज का हमारे पास रिकॉर्ड मौजूद है। इसके अलावा गवर्नमेंट अप्रोर्ड रिकॉर्ड भी हमारे पास मौजूद है, जो इसे मस्जिद सिद्ध करता है। शहर काजी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग करते हुए कहा है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट स्वयं संज्ञान ले और खुदाई से मस्जिद का मूल स्वरूप परिवर्तित किया गया है, उसे पुनः अपने मूल स्वरूप में लाया जाए।

### अब राजधानी में गूंजेगी पुकार

ऑल इंडिया काजी काउंसिल के काजी नूर उल्लाह यूसुफजाई और काजी सैयद अनस अली नदवी ने कहा हम अदालतों का हमेशा सम्मान करते आए हैं। इसके कई उदाहरण सामने हैं। लेकिन, यह स्थिति और नियम सभी धर्मों, वर्ग, व्यक्ति पर लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा चुनावी हालात खत्म होने के बाद राजधानी भोपाल में भोजशाला मामले को लेकर बड़ा सम्मेलन किया जाएगा। इसमें प्रदेश और देश भर के उलेमा शामिल होंगे। भोजशाला मामले में जारी कार्रवाई, गति अवरोध, विभागों की मनमानी और भविष्य में उससे बनने वाले हालात से प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव को अवगत कराया जाएगा।

# अब तक 750 से ज्यादा मजबूर लोगों की घर वापसी करवा चुके हैं आबिद

भोपाल। एक चाहत और उमंग लिए परदेस का रुख करने वाले कई बार किसी साजिश का शिकार हो जाते हैं तो कभी गलती से ऐसा कुछ कर बैठते हैं, जो उस पराए मुल्क में उन्हें नहीं करना चाहिए। नतीजा सजा या अपनों से कनेक्शन कटने के रूप में सामने आता है। गरीबी, अशिक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियम कायदों की जानकारी न होने से घर वापसी इतनी ही मुश्किल हो जाती है, जितना किसी मुल्क में प्रवेश की मशक्कते होती हैं। राजधानी भोपाल के एक युवा सैयद आबिद हुसैन ने इन स्थितियों पर गहरा होम वर्क किया और विदेशों में फंसे अपने देश के लोगों को घर वापसी की कोशिशें शुरू की। रियल लाइफ के बजरंगी भाईजान के नाम से मशहूर हो चुके सैयद आबिद हुसैन बताते हैं कि इस तरह के सबसे ज्यादा मामले सऊदी अरब और पाकिसन में होते हैं। इसके अलावा वे बहरीन, कुवैत, यूक्रेन, मलेशिया, कंबोडिया जैसे कई मुल्कों से भी घर वापसी करवा चुके हैं। आबिद कहते हैं कि सबसे ज्यादा नौकरी के नाम पर छलावा सऊदी अरब में होता है। वहां पहुंचते ही संबंधित कंपनी के एजेंट पासपोर्ट छीन लेते हैं, जिसको वापस लेना बेहद मुश्किलभरा काम है। तनख्वाह न देना या निर्धारित से कम पैसा देना यहां आम बात है। इसके अलावा एग्रीमेंट के विपरीत दोगुना काम करवाना भी यहां की परम्परा का हिस्सा कहा जा सकता है। इसी तरह पाकिस्तान में अगर गलती से भी कोई सरहद पार कर गया, तो वह जासूस के दायरे में आ जाता है। इस इल्जाम के लगने के बाद उसे अपनी बेगुनाही साबित करने में बरसों लग जाते हैं।

**ऐसे होती है बजरंगी आबिद की वापसी प्रक्रिया :** आबिद कहते हैं कि परेशानी में फंसे हुए व्यक्ति द्वारा उनसे संपर्क करने या कहीं से उन्हें इसकी जानकारी मिलने पर वे संबंधित से संपर्क करते हैं। फिर उसके कागज और दस्तावेज पूरे करना, सरकार,

### विदेश में फंसे लोगों का बने सहारा




विदेश मंत्रालय और दूतावास से संपर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। आबिद कहते हैं कि उनका मकसद लोगों को जल्द से जल्द वापस भारत पहुंचाना होता है। उनका कहना है कि ईमानदार प्रयासों से इस कार्य में उनको सफलता भी मिलती है। बहुत मामले में आबिद मदद के लिए सीधे कंपनी या मालिक से बात कर के मामले को हल कर देते हैं।

**बढ़ रहा सेवा का दायरा :** खाड़ी के देशों, मलेशिया एवं अन्य देशों से आबिद अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मदद कर चुके हैं। आबिद ने बताया कि अब नेपाल के रहने वाले लोग भी इनसे मदद मांगने में नहीं हिचकिचाते हैं। आमतौर पर ये वह लोग होते हैं, जो ज्यादा पढ़े लिखे नहीं होते या फिर उन्हें कानूनों का पता नहीं होता।

**ऐसे हुई शुरूआत :** आबिद हुसैन ने सबसे पहले 2016 में बांग्लादेश के रहने वाले रमजान नामक बच्चे की मुहीम चलाई थी, जो भोपाल में फंस गया था। आबिद कहते हैं कि उसी वक्त हमें ये ख्याल आया कि अपने वतन के लोग भी दूसरे मुल्कों में फंसे होंगे। उनकी वतन वापसी कैसे होती होगी। उसी दौरान जितेन्द्र अर्जुनवार का मामला सामने आया। दिमागी रूप से कमजोर जितेन्द्र पाकिस्तान की करांची जेल में बंद था। उसकी वापसी के लिए बहुत लंबी लड़ाई लड़ी गई। जिसके चलते विदेश मंत्रालय के प्रयास से हमारा जितेन्द्र वापस आ गया।

**अवार्ड कई, दरकार दुआओं की :** आबिद हुसैन को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा और विदेशों में फंसे निर्दोष भारतीयों की मदद करने के चलते सैंकड़ों अवार्ड से नवाजा जा चुका है, लेकिन आबिद कहते हैं कि उनके लिए सच्चा ईनाम वह होता है, जो अपनों से मिलने पर किसी मजलूम के होंठों पर आई मुस्कान से मिलता है। आबिद को अब तक मुहाफिज ए इंसानियत अवार्ड, रेक्स करमवीर गोलोबल फेलोवशिफ, कर्मवीर चक्र अवार्ड, एशिया एक्सलेंस अवॉर्ड, एसडीएफ इंटरनेशनल एक्सलेंस अवार्ड, यूनिटी आवार्ड, हुमिटेरियन एक्सलेंस अवार्ड, राष्ट्र प्रेरणा अवार्ड, स्वामी विवेकानंद लीडरशिप अवार्ड, इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड, इंस्पायरिंग पर्सनालिटी अवार्ड, राष्ट्रीय धरोहर सम्मान, इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका द्वारा हॉनरी डॉक्टरेट पीएचडी की डिग्री और इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा आबिद हुसैन को नइजरिया एवं श्रीलंका से ऑनलइन मानद डॉक्टरेट की उपाधि नवाजा भी जा चुका है।

# ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनें स्ट्रॉग रूम में बंद



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हुये कल शुक्रवार 19 अप्रैल को हुये मतदान में इस्तेमाल की गई ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में विधानसभावार बने स्ट्रॉग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। मतदान सामग्री की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्ट्रॉग रूम को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रांजल यादव तथा उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सील किया गया । इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना, जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे। स्ट्रॉग रूम को निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों, उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 4 जून को मतगणना प्रारंभ होने के पहले खोला जायेगा । स्ट्रॉग रूम को आज शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे सील करने के बाद इसके चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्ट्रॉग रूम के मुख्य द्वार पर केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जगह-जगह लगे सीसीटीव्ही कैमरे से भी स्ट्रांगरूम की निगरानी की जा रही है। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को स्ट्रॉग रूम में सुरक्षित रखने के बाद ऐसे सभी मतदान केन्द्रों के अभिलेखों की संवीक्षा की गई जहां औसत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान हुआ है अथवा जहां मतदान को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थी। संवीक्षा में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना , आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा उम्मीदवार एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद थे।

## आशीष ने किया समर्थकों का आभार

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे ने सोशल मीडिया पर समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि आप सभी के स्नेह-संबल-सहयोग और आशीष के लिए हृदय की गहराइयों से कोटिशः आभार। साथ ही इस संकल्प के साथ की समृद्ध-विकसित और आत्मनिर्भर जबलपुर की संकल्पना को मोदीजी के नेतृत्व में पूर्ण करने हम सब प्राण-प्रण से सहभागी बनेंगे। एक बार पुनःआप सभी का कोटि-कोटि आभार...

## आभार जबलपुर लोकसभा परिवार....

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



जबलपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी दिनेश यादव ने सोशल मीडिया पर आभार व्यक्त करते हुए लिखा कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में आपकी सहभागिता के लिए आपको कोटि कोटि प्रणाम करता हूं। आशा करता हूं कि आपका प्रेम और आशीर्वाद सदैव इसी प्रकार मुझ पर बना रहेगा। आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। अंतिम सांस तक आपकी सेवा के लिए समर्पित रहूंगा।

## स्कूल बैग पॉलिसी 2020 का पालन करो, निर्देश जारी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रदेश के छोटे स्कूली बच्चों के लिए बस्ते का बोझ कम करना है तो अभी कुछ करों सरकार पर संज्ञान लिया गया। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी सुश्री फरजाना मिर्जा ने बताया कि आयोग की मुख्य पीठ भोपाल के सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मामला दर्ज कर जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिवेदन मांगा हैं, साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे समस्त प्राचार्य शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को दिशा निर्देश जारी करे की कक्षावार बस्ते का बोझ का निर्धारण किया जाये। जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले में रेंडमली शालाओं का चयन कर प्रत्येक तीन माह में स्कूल बैग के वजन की जांच करने और बस्ते का वजन निर्धारित सीमा में हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये हैं।

## मतदान केंद्रों पर मोबाईल फोन के उपयोग पर लगे प्रतिबंध का पालन नहीं कराने पर दो पीठासीन अधिकारी निलंबित

### कलेक्टर दीपक सक्सेना की कार्यवाही

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मतदान करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये मतदान केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगाये गये प्रतिबंध का पालन नहीं कराने पर दो मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है । इन प्रकरणों में मतदान करने के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के दोषी दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है । कलेक्टर ने मतदान की गोपनीयता भंग होने के इन प्रकरणों में पीठासीन अधिकारियों को निलंबित करने की कार्यवाही संबधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर की है । प्रकरणों में मतदान का वीडियो बनाकर और सोशल मीडिया पर वायरल कर मतदान की गोपनीयता भंग करने के जिन दो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है उनमें जमा खान और उवेश अंसारी शामिल हैं । दोनों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 128 एवं उपबन्ध-1 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी । मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की प्राप्त शिकायतों के मुताबिक जमा खान द्वारा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के मतदान केंद्र क्रमांक -61 में मतदान करने का तथा उवेश अंसारी द्वारा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के मतदान केंद्र क्रमांक-83 में मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था । मतदान की गोपनीयता भंग करने के इन प्रकरणों में कलेक्टर श्री सक्सेना ने जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 61 के पीठासीन अधिकारी वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी राज्य वन अनुसंधान संस्थान मयंक मकरंद वर्मा को तथा जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-83 के पीठासीन अधिकारी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कॉन्फिडेंशियल सेक्शन के अधीक्षक शकील अंसारी को कर्त्तव्यों के पालन में घोर लापरवाही पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।

## महावीर जयंती पर शोभायात्रा आज

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

श्रवण परंपरा के 24वें तीर्थंकर "जियो और जीने दोइज़ के अहिंसात्मक मूल्यों की लोकतांत्रिक शैली के प्रज्ञापुरूष भगवान महावीर स्वामी की जयंती 3 अप्रैल सोमवार को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनायी जाएगी। इस अवसर पर श्री जैन नवयुवक सभा एवं दिगम्बर जैन पंचायत सभा तथा अनेक सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी की एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के पश्चात बड़े फुहारे पर विश्राम लेगी और यहीं पर श्री जी का महा मस्तिष्काभिषेक किया जाएगा। महावीर जयंती पर भगवान महावीर स्वामी की विशाल शोभायात्रा मुख्य आकर्षण होगी, जो 21 अप्रैल को सुबह 6.55 बजे बड़ा जैन मंदिर हनुमानताल से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा घोड़ा नक्कास तिराहा, कोतवाली, कमानिया गेट, विजय कटपीस, खजांची चौक, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्वेसट, लार्डगंज तिराहा, घमंडी चौक होते हुये बड़े फुहारा पहुंचेगी, जहां धर्मसभा के रूप में शोभायात्रा का समापन किया जायेगा। बड़े फुहारे पर दोपहर 1.30 बजे महाशांति धारा एवं नृत्य महा पूजा होगी। कमानिया गेट पर ही इसी दिन रात्रि 8 बजे से अहिंसा सम्मेलन आयोजित होगा।

## श्री बड़ी खेरमाई मंदिर जवारा विसर्जन शोभायात्रा आज

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया की जवारा विसर्जन शोभायात्रा आज शाम 7 बजे विधि विधान से पूजन अर्चन कर मंदिर परिसर से निकाली जाएगी ' मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, अनिल पल, शशिकांत मिश्रा, आशीष त्रिवेदी ने बताया कि चेत्र नवरात्रि पर 9 दिनों तक देवी के विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद आज जवारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाई गई है ' शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर दीनानाथ क्रासिंग , राजा रसगुल्ला की गली , मिलोनीगंज चौक से घोड़ा नक्कास होते हुए हनुमानताल पहुंचेगी जहां थाने के सामने घाट पर विसर्जन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालु भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे मतदान के दूसरे दिन परिवार के साथ फुर्सत के पल में.. साथ में उनकी धर्मपत्नी, बड़े भाई डॉ आशुतोष दुबे, भाभी एवं बच्चे।

## भृत्य के पद पर नियमित करने हाईकोर्ट के निर्देश

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि याचिकाकर्ता को भृत्य के पद पर नियमित किया जाए। उसके द्वारा 15 दिवस के भीतर कमिश्नर खुरई के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जिस पर 60 दिन के भीतर निर्णय लेना होगा। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता शिवाजी वार्ड, पालिटेक्निक रोड खुरई, तहसील खुरई, जिला सागर निवासी देवेन्द्र रैकवार पिता पूरन लाल रैकवार की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पदमावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एक मार्च, 2023 को याचिकाकर्ता की दैनिक वेतन भोगी के स्वीकृत पद पर भृत्य बतौर नियुक्ति की गई थी। आठ फरवरी, 2011 को मौखिक आदेश से सेवा समाप्त कर दी गई। जिसके विरुद्ध याचिकाकर्ता श्रम न्यायालय चला गया। 26 सितंबर, 2014 को श्रम न्यायालय द्वारा अवार्ड पारित करते हुए निर्देश दिया गया कि एक माह के भीतर सेवा में बहाल किया जाए। यही नहीं एक माह के भीतर पिछला 50 प्रतिशत वेतन भी भुगतान किया जाए। इस आदेश के विरुद्ध विभाग हाई कोर्ट चला गया। याचिका लंबित रहने के दौरान 27 दिसंबर, 2021 को याचिकाकर्ता को पुनः सेवा में ले लिया गया। लेकिन नियमित नहीं किया गया। जबकि उससे अपेक्षाकृत कनिष्ठ कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया। इस रवैये के विरुद्ध कमिश्नर खुरई के समक्ष अभ्यावेदन दिया गया। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

**60 दिन में अभ्यावेदन पर विचार कर निर्णय ले**

## बरेला टोलनाका में किस बात का टोल जब सड़क ही 75 फीसद खराब

### तीन सालों से परिवहन नियमों को दरकिनार लोगों से वसूला जा रहा टोल



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर से मण्डला सड़क दो हिस्सों में कुल 85 किलोमीटर है, जिसमें से पहला हिस्सा 22 किलोमीटर का बना है और 63 किलोमीटर की सड़क बदहाल, बदतर और दुखदायी हालात में है। इस हाईवे पर जनता के साथ घोर अन्याय और पीडाजनक स्थिति यह है कि रिकॉर्ड में 75 फीसदी हिस्सा खराब होने के बाद इस मार्ग पर आते और जाते वक्त टोल की वसूली बीते 3 सालों से की जा रही है। किसी चिकनी, सपाट और सुविधाजनक सड़क पर जनता को टोल देने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन जब मार्ग ही गड्ढों और हिचकोले से भरा हो तो उसमें टोल की वसूली परेशानी बढ़ा रही है। इस सड़क में डोबी गाँव नागाघाटी से उतरते ही बरेला से आगे टोल वसूला जाता है तो यहाँ से एकता चैक के अंडर व्हीकल पास से कुछ किलोमीटर बाद टोल काट लिया जाता है। इस तरह हाईवे में दोनों हिस्सों में केवल 5 से 7 किलोमीटर चलने में ही टोल ले लिया जाता है। लोगों का कहना है कि सड़क यदि कुछ बेहतर हो तो टोल टैक्स जनता स्वीकार भी करती है लेकिन जब आगे का हिस्सा पूरी तरह से बेहाल है उसमें ऐसी टैक्स वसूली जनता से सीधे तौर पर बेवजह उगाही से कम नहीं है। बरेला टोल को लेकर अधिकारियों का कहना है कि यह मंत्रालय का निर्णय है, इसलिए टोल लिया जा रहा है।

### वाहनों की कतार, एक लेन बंद ही रखते हैं

अगर आपकी कार 100 मीटर से ज्यादा लंबी लाइन में फँसी है तो आपको बिना टोल चुकाए गाड़ी चलाने की इजाजत है यह भी मंत्रालय कहता है लेकिन बरेला टोल में लंबी कतारों में लगाकर वसूली की जा रही है। 10 सेकेंड से ज्यादा इंतजार करने पर आप बिना टैक्स दिए निकल सकते हैं, यह तक नियम है पर यहाँ इस नियम को लेकर कोई सुनवाई नहीं है। लंबी लाइनों में लगाकर टोल लिया जा रहा है।

### एक एजेंसी ने बनाई, दूसरी वसूल रही

जबलपुर से मण्डला सड़क मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉपोरेशन ने बनाई है। इसमें टोल की वसूली एनएचएआई कर रहा है। इसमें निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी थी, बनाने के बाद सड़क को एनएचएआई को ट्रांसफर किया गया है। जिस हिस्से में टोल लिया जा रहा है उसको लेकर अधिकारियों का कहना है कि जो हिस्सा पहले बनकर तैयार हुआ है इसलिए उसमें टोल लिया जा रहा है वह भी सरकार के निदेर्शों पर आरंभ किया गया है।

### आदेश तो यह कहता है

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय कहता है कि हाईवे पर 60 किलोमीटर के दायरे में टोल वसूला जाना चाहिए। इससे पहले या कम दूरी पर टोल नहीं लिया जाना चाहिए, इसको लेकर संसद में खड़े होकर उत्तर तक दिये जा चुके हैं लेकिन उसके बाद ऐसे टोलों पर उगाही नहीं थम सकी है। पूरे संभाग में बरेला टोल अनोखा है जहाँ ज्यादातर सड़क बर्बाद होने के बाद भी टोल वसूला जा रहा है। लोगों का कहना है मंत्रालय को इस टोल पर वसूली तुरंत बंद करना चाहिए।

## थैलीसीमिया से पीड़ित मरीजों की सहायता के लिये रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त का संग्रह




त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की जरूरत को देखते हुये जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मालवीय चौक के समीप स्थित डी एन जैन भवन में सक्षम एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में रानी दुर्गावती चिकित्सालय (एल्गिन हॉस्पिटल) की टीम द्वारा 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया । शिविर में डॉ अंकित जैन, श्रीमती सीमा जैन संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग उपस्थित थे ।

## संपादकीय

### दुबई संकट कुदरत से खिलवाड़ का नतीजा

युक्त अरब अमीरात और खाड़ी के कुछ अन्य देशों में अचानक आई भारी व असामान्य बारिश ने इंसान को तमाम सबक दिए हैं। जिन देशों को अपनी समृद्धि व संपन्नता का दंभ था, वहां आई मूसलाधार बारिश ने सारी आधुनिक व्यवस्थाएं ध्वस्त कर दी। दुनिया का सबसे ज्यादा आधुनिक व चहल-पहल वाला दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अराजकता का शिकार हो गया। सैकड़ों उड़ाने रद्द हो गईं। दुनिया के चोटी के हवाई अड्डों में शामिल जिस दुबई एयरपोर्ट में पिछले साल आठ करोड़ यात्रियों की आमद थी, एक मूसलाधार बारिश से उसकी सारी व्यवस्थाएं चौपट हो चुकी थीं। इस दौरान ओमान में 19 लोगों की मौत के अलावा अन्य देशों में भी लोगों के हताहत होने की आशंका है। बताते हैं कि अभी भी कई निचले इलाकों में बारिश का पानी भरा हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात में पिछले 75 साल बाद रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में डूबे वाहन और बारह लेन वाले हाईवे पर लगा जाम बता रहा है कि कुदरत की माया के आगे मानव का विकास अभी भी बौना ही है। फिर मध्यपूर्व के रेगिस्तानी इलाकों में मूसलाधार बारिश का होना निश्चित ही अचरज की बात है। अचानक आई इस बारिश और बाढ़ को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कहा जा रहा है। लेकिन वहीं लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह घटना विशुद्ध रूप से प्रकृति से मानवीय छेड़छाड़ का नतीजा है। आलोचक इस असामान्य बारिश को क्लाउड सीडिंग का नतीजा बता रहे हैं। दरअसल, कृत्रिम तरीके से बारिश कराने की कोशिश को ही क्लाउड सीडिंग कहा जाता है, जिसमें बादल में बारिश के बीज बोने के लिये कृत्रिम तरीके से प्रयास किये जाते हैं। ऐसे कुछ प्रयास यूएई में किये जा रहे थे। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार व सोमवार को यूएई में क्लाउड सीडिंग की योजना बनायी गई थी और मंगलवार को भयावह बाढ़ के हालात पैदा हुए हैं। आशंका जतायी जा रही है कि क्या कृत्रिम बारिश के प्रयासों के चलते यह स्थिति पैदा हुई है? बहरहाल, आने वाले वक्त के अध्ययन हमें बताएंगे कि इस आपदा के आने में क्लाउड सीडिंग की कितनी भूमिका थी। वैसे दुनिया के तमाम देशों में संकट के समय क्लाउड सीडिंग कराने के मामले सामने आते रहते हैं। किन्हीं देशों में सामरिक तो कहीं कृषि उद्देश्यों के लिये कृत्रिम बारिश का सहारा लिया जाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के चलते बदले हालात में यह संकट गहरा हो जाता है। उल्लेखनीय है कि कृत्रिम बारिश का सहारा तब लिया जाता है, जब हवा की नमी की कमी के चलते बारिश नहीं हो पाती। भारत में साठ के दशक में कृत्रिम बारिश का प्रयोग किया गया था। दरअसल, बारिश के बीजों के रूप में सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम क्लोराइड व सोडियम क्लोराइड जैसे पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिनका हवाई जहाज की मदद से बादलों में छिड़काव किया जाता है। इससे बर्फ के कण बादलों की नमी के साथ मिलकर बारिश होने की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं। दरअसल, आधुनिक विकास के मोह में संयुक्त राज्य अमीरात अपने व्यापारिक उद्देश्यों व नागरिकों के लिये पानी की कमी को पूरा करने के लिये इस तकनीक का उपयोग करता रहा है।

# इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार



इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफ़न प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है।

ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं।

भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## प्रेरक प्रसंग

### राक्षस का भय 9 पंचतंत्र



एक नगर में भद्रसेन नाम का राजा रहता था। उसकी कन्या रत्नवती बहुत रुपवती थी। उसे हर समय यही डर रहता था कि कोई राक्षस उसका अपहरण न करले । उसके महल के चारों ओर पहरा रहता था, फिर भी वह सदा डर से कांपती रहती थी । रात के समय उसका डर और भी बढ़ जाता था ।

एक रात एक राक्षस पहरेदारों की नज़र बचाकर रत?नवती के घर में घुस गया । घर के एक अंधेरे कोने में जब वह छिपा हुआ था तो उसने सुना कि रत्नवती अपनी एक सहेली से कह रही है यह दुष्ट विकाल मुझे हर समय परेशान करता है, इसका कोई उपाय कर ।

राजकुमारी के मुख से यह सुनकर राक्षस ने सोचा कि अवश्य ही विकाल नाम का कोई दूसरा राक्षस होगा, जिससे राजकुमारी इतनी डरती है । किसी तरह यह जानना चाहिये कि वह कैसा है ? कितना बलशाली है ?

यह सोचकर वह घोड़े का रुप धारण करके अश?वशाला में जा छिपा ।

उसी रात कुछ देर बाद एक चोर उस राज-महल में आया । वह वहाँ घोड़ों की चोरी के लिए ही आया था । अश्वशाला में जा कर उसने घोड़ों की देखभाल की और अश्वरुपी राक्षस को ही सबसे सुन्दर घोड़ा देखकर वह उसकी पिठ पर चढ़ गया । अश्वरुपी राक्षस ने सम्झा कि अवश्यमेव यह व्यक्ति ही विकाल राक्षस है और मुझे पहचान कर मेरी हत्या के लिए ही यह मेरी पीठ पर चढ़ा है । किन्तु अब कोई चारा नहीं था । उसके मुख में लगाम पड़ चुकी थी । चोर के हाथ में चाबुक थी । चाबुक लगते ही वह भाग खड़ा हुआ ।

कुछ दूर जाकर चोर ने उसे ठहरने के लिए लगाम खींची, लेकिन घोड़ा भागता ही गया । उसका वेग कम होने के स्थान पर बढ़ता ही गया । तब, चोर के मन में शंका हुई, यह घोड़ा नहीं बल्कि घोड़े की सूरत में कोई राक्षस है, जो मुझे मारना चाहता है । किसी ऊबड़-खाबड़ जगह पर ले जाकर यह मुझे पटक देगा । मेरी हड्डी-पसली टूट जायेगी ।

यह सोच ही रहा था कि सामने वटवृक्ष की एक शाखा आई । घोड़ा उसके नीचे से गुजरा । चोर ने घोड़े से बचने का उपाय देखकर शाखा को दोनों हाथों से पकड़ लिया । घोड़ा नीचे से गुज़र गया, चोर वृक्ष की शाखा से लटक कर बच गया ।

उसी वृक्ष पर अश्वरुपी राक्षस का एक मित्र बन्दर रहता था। उसने डर से भागते हुये अश्वरुपी राक्षस को बुलाकर कहा

मित्र ! डरते क्यों हो ? यह कोई राक्षस नहीं, बल्कि मामूली मनुष्य है । तुम चाहो तो इसे एक क्षण में खाकर हज़म कर लो।

चोर को बन्दर पर बड़ा क्रोध आ रहा था । बन्दर उससे दूर ऊँची शाखा पर बैठा हुआ था । किन्तु उसकी लम्बी पूंछ चोर के मुख के सामने ही लटक रही थी । चोर ने क्रोधवश उसकी पूंछ को अपने दांतों में भींच कर चबाना शुरु कर दिया । बन्दर को पीड़ा तो बहुत हुई लेकिन मित्र राक्षस के सामने चोर की शक्ति को कम बताने के लिये वह वहाँ बैठा ही रहा । फिर भी, उसके चेहरे पर पीड़ा की छाया साफ नजर आ रही थी।

उसे देखकर राक्षस ने कहा - मित्र ! चाहे तुम कुछ ही कहो, किन्तु तुम्हारा चेहरा कह रहा है कि तुम विकाल राक्षस के पंजे में आ गये हो । यह कह कर वह भाग गया ।

# भारत विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है। भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा।

उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। 'आधार' ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है।

भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके।

## चिंतन-मनन

### जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा।

संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बाह्य अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर , अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो। अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं। अपनी शक्तियों को जाग्रत, विकसित कर लेना या शिथिल पंगु बना लेना स्वयं के हाथ में है। यदि तुम मन की गुप्त महान सामथ्र्यरे को जाग्रत कर लो और लक्ष्य की ओर प्रयत्न और उत्साहपूर्वक अग्रसर होना सीख लो तो जैसा चाहो आत्म निर्माण कर सकते हो। मनुष्य के मन में जिन महत्वाकांक्षाओं का उदय होता है और जो-जो आशापूर्ण तरंगें उदित होती हैं, वे अवश्य पूर्ण हो सकती हैं, यदि वह दृढ़ निश्चय द्वारा अपनी प्रतिभा जगा लें।

# सक्सेस मंत्र : सफलता हासिल करने के लिए जरूरी है इन बातों का ध्यान रखना

हर व्यक्ति जीवन में सफल होना चाहता है। सफलता हासिल करने के लिए कुछ बातों का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। किसी भी व्यक्ति को रातों- रात सफलता हासिल नहीं होती है। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बताएंगे कि सफलता हासिल करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखें

सफलता हासिल करने के लिए अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखें। जो लोग बड़े विचार रखते हैं वो जीवन में जल्दी सफल होते हैं।

### अपनी पसंद का काम करें

व्यक्ति को सफलता हासिल करने के लिए अपने पसंद का काम करना चाहिए। अगर आप वो काम कर रहे हैं जो आपको पसंद ही नहीं है तो आपको कभी भी सफलता नहीं मिल सकती है। सबसे पहले अपना पसंदीदा काम खोजें और फिर उस दिशा में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करें।




### नए विचारों को अपनाना है जरूरी

सफलता हासिल करने के लिए व्यक्ति को नए विचारों को अपनाकर आगे बढ़ते रहना चाहिए। नए विचार सफलता की राह को आसान बनाने का काम करते हैं।

### खुद पर भरोसा रखें

सफलता हासिल करने के लिए व्यक्ति को खुद पर पूरा भरोसा होना चाहिए। जिन लोगों को खुद की क्षमता पर भरोसा होता है वो कभी असफल नहीं हो सकते हैं।

### कड़ी मेहनत करें

सफलता हासिल करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत करने से कभी भी घबराना नहीं चाहिए। जो व्यक्ति मेहनत करता है वो सफल जरूर होता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर चुनाव ड्यूटी से लौट रहे आरक्षक की हुई मौत

## कृषि विस्तार अधिकारी घायल, चालक गिरफ्तार

**सिवनी।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 छ्पारा बाईपास अंतर्गत छपारा कला चौराहा के पास सुबह के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार प्रधान आरक्षक नारायण निवारे की मौके पर मौत हो गई। वहीं उनके साथ बाइक में सवार सूरज प्रसाद हलवा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची छपारा पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक चालक को भी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक नारायण निवारे जिले के आदेगांव थाना में तैनात हैं। जिनकी डयूटी कृषि विस्तार अधिकारी के साथ छपारा थाना अंतर्गत मोवारी गांव के पास बनाए गए एसएसटी चेक पॉइंट पर लगाई गई थी। यह चेक पाइंट छपारा थाना अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की सीमा पर था। जहां से वह सुबह ड्यूटी कर लौट रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के छपारा कला के पास आज सुबह जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस व 108 वाहन में दी। जिसके बाद गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं कृषि विस्तार अधिकारी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक आरक्षक का पोस्टमॉर्टम छपारा अस्पताल में कराया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## सतना के बेटे को देश की नौ सेना की बागडोर

# दिनेश त्रिपाठी को मिली नेवी के नए चीफ की जिम्मेदारी

### 30 अप्रैल को पदभार लेंगे

**सतना।** सतना का बेटा अब देश की सेना की एक विंग कमान संभाल कर रक्षा के क्षेत्र में भी एक बड़ी जिम्मेदारी निभाएगा। जिले के रामपुर बाघेलान तहसील अंतर्गत महुडर गांव के दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख बनने जा रहे हैं। वे मौजूदा नौ सेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। दरअसल, एडमिरल आर. हरि कुमार आगामी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह अब वाइस चीफ दिनेश कुमार त्रिपाठी को सरकार ने नया नौ सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे 30 अप्रैल की दोपहर से देश के नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। रामपुर बाघेलान तहसील क्षेत्र के ग्राम महुडर में 15 मई 1964 को सामान्य ब्राह्मण परिवार में जन्मे दिनेश त्रिपाठी की कक्षा 5 तक शुरूआती शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल में ही हुई। वर्ष 1973 में कक्षा 6 में उन्हें रीवा के सैनिक स्कूल में दाखिला मिल गया। सैनिक स्कूल से 1981 में पढ़ कर निकले दिनेश ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडगवासला जॉइन की। वे डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज से ग्रेजुएट हुए। थिमैया मेडल विजेता दिनेश कुमार को अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम) और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें रॉबर्ट ई बैटमैन इंटरनेशनल अवार्ड भी मिल चुका है। त्रिपाठी अपने 40 साल के लंबे करियर में कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाल चुके हैं। उन्होंने कई अहम परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है। जिनमें पश्चिमी बेड़े के बेड़े संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन निदेशक, नई दिल्ली में प्रधान निदेशक,नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रधान निदेशक नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के रूप में वे नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर भी सेवाएं दे चुके हैं। वो एक खास युद्ध कौशल लिए जाने जाते हैं।



### कम्युनिकेशन एवं इलेक्ट्रॉनिक वॉर फेयर स्पेशलिस्ट

नौ सेना प्रमुख बनने जा रहे दिनेश कुमार त्रिपाठी को कम्युनिकेशन एवं इलेक्ट्रॉनिक वॉर फेयर का स्पेशलिस्ट माना जाता है। वे गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर, आईएनएस मुम्बई ,आईएनएस किर्च,त्रिशूल और विनाश जैसे जहाजो की कमान संभाल चुके हैं।

### 1985 में मिला कमीशन

दिनेश कुमार त्रिपाठी को बतौर सेकेंड लेफ्टिनेंट वर्ष 1985 में नेवी में कमीशन मिला। वर्ष 2019 में वे पदोन्नत कर वाइस एडमिरल बनाए गए। अभी तीन महीने पहले जनवरी में ही वे नौ सेना के वाइस चीफ नियुक्त हुए और अब 30 अप्रैल को नौ सेना प्रमुख की कमान संभालेंगे।

### पिता कंपाउंडर मां गृहणी

नौ सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालने जा रहे दिनेश कुमार के पिता स्व मुनि कुमार त्रिपाठी स्वास्थ्य विभाग में कंपाउंडर थे जबकि 87 वर्षीया मां रजनी त्रिपाठी गृहिणी हैं। दिनेश तीन भाइयों में सबसे बड़े हैं। मझले भाई वीरेंद्र त्रिपाठी का 2016 में देहावसान हो गया। जबकि धनंजय त्रिपाठी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और लंदन में रहते हैं। दिनेश की पत्नी शशि गृहणी हैं जबकि पुत्र दिव्यम त्रिपाठी सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं। टेनिस, बैडमिंटन और क्रिकेट खेलने के शौकीन दिनेश की विज्ञान और कला में भी गहरी रुचि है।

# बाघ कुनबे को देख सैलानी हुए रोमांचित

## पेंच टाइगर रिजर्व में 4 शावकों के साथ नजर आई बी-2 बाघिन, कैमरे में कैद हुआ नजारा




**सिवनी।** जिले के पेंच नेशनल पार्क के खुसार्पार गेट से सफारी पर गए सैलानियों को बी- 2 नामक बाघिन उसके चार शावकों के साथ नजर आई। इसे देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे और इस नजारे को कैमरे में कैद कर लिया। जानकारी के अनुसार बी-2 बाघिन के शावक करीब दो-दो माह के हैं और पार्क के जंगलों में बी-2 बाघिन अपने चार शावकों के साथ पहली बार दिखाई दी है। पर्यटकों ने भ्रमण के दौरान कच्ची सड़क पर चारों शावकों के साथ खड़ी रहने के बाद बी-2 बाघिन को देखा। इसके बाद वह घने जंगल की ओर चली गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस समय पेंच के कोर और बफर क्षेत्र के साथ महाराष्ट्र क्षेत्र में भी बाघ और तेंदुए के दीदार पर्यटकों को हो रहे हैं। जहां वन्य प्राणियों को देख पर्यटक प्रफुल्लित हो रहे हैं। देश विदेश से बड़ी संख्या में सैलानी पेंच राष्ट्रीय उद्यान बाघ देखने आते हैं, जिन्हें सफारी के दौरान बाघ सहित कई वन्य प्राणी देखने को मिल जाते हैं। जिन्हें देखकर पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं।

# 2 बाइकों की आपस में भिड़ंत:महिला की मौत

## तीन माह की बच्ची सुरक्षित, गोरखपुर सिंदरई के पास हुआ हादसा

**सिवनी।** जिले के छपारा थाना अंतर्गत गोरखपुर सिंदरई के पास शाम के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइकों की भिड़ंत हो गई, हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। जबकि मां की गोद में बैठी तीन माह की बच्ची को खरोंच तक नहीं आई। हादसे में महिला के पति को हल्की चोंटे आई है। वहीं टक्कर मारकर फरार बाइक सवार की तलाश में पुलिस कर रही है। जानकारी के अनुसार धर्मदास यादव अपनी पत्नी प्रीति यादव व बच्ची को बाइक में लेकर किसी काम से आटामा गांव जा रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर सिंदराई गांव के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में बैठी महिला नीचे गिर गई। बाइक में सवार महिला प्रीति यादव की गोद में मौजूद तीन माह की बेटी को खरोंच तक नहीं आई। बाइक चला रहे पति धर्मदास यादव को मामूली चोट आई हैं। जिस समय बाइक की टक्कर हुई उस समय प्रीति यादव की तीन माह की बेटी उनके गोद में थी, जिसे संभालते हुए वह सिर के बाल गिर गई। जिसे घायल अवस्था में छपारा अस्पताल लाया गया था।

# रीवा में महिला ने फांसी लगाई

## सुसाइड नोट में लिखा- मैं जीने लायक नहीं, सबूत मोबाइल में हैं



**रीवा।** रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौबस्ता चौकी के ग्राम बेला बैजनाथ? में महिला ने फांसी लगा ली। अंजना केवट (33) पत्नी पिंटू केवट बैजनाथ क्षेत्र की निवासी थी। 19 अप्रैल की रात 10 बजे मकान में फांसी लगाई। इसकी जानकारी शनिवार सुबह हुई। पति पिंटू केवट ने बताया- मैं पत्नी और बच्चों को लेकर एक दिन पहले मेला करने चला गया था। पत्नी बच्चों सहित घर वापस आ गई थी। मैं अंजना के कहने पर अपनी बहनों को बुलाने चला गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। शव का पंचनामा और फोटोग्राफी कराकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। महिला का मायका ग्राम कृष्णगढ़ थाना रामपुर बघेलान में है। शादी लगभग 10 साल पहले हुई थी। महिला की दो बच्चियां भी हैं। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है। चोरहटा थाना प्रभारी के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा।

## एक साल तक थाने में हाजिरी देंगे दो आदतन अपराधी

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर दो आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार दोनों ही आदतन अपराधियों को एक वर्ष तक महीने में दो दिन संबंधित थाना क्षेत्रों में हाजिरी देने जाना होगा। ऐसा नहीं करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन करने की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार रंगनाथ थाना क्षेत्र के बरगवां निवासी जावेद पिता जाकिर खान के खिलाफ 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इन प्रकरणों में चोरी करने, मारपीट करने, तोड़फोड़ करने, शराब का अवैध विक्रय करने, बका, बम लेकर लोगों को डराने से मामले शामिल है। जावेद की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, बावजूद इसके उसकी गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

# रीवा में एक्सीडेंट में घायल की मौत के बाद हंगामा

## परिजन का आरोप- SGH के डॉक्टर बर्थडे पार्टी सेलिब्रेट करते रहे



**रीवा।** शहर के संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार रात एक्सीडेंट में घायल की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मरीज की मौत के लिए अस्पताल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। आशीष सोनी ने बताया, 'चाचा बृज किशोर सोनी अपने दो दोस्तों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामपुर बघेलान गए हुए थे। वहां बोलेरो चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हम घटनास्थल पर पहुंचे। एंबुलेंस की मदद से हमने उन्हें संजय गांधी अस्पताल लाकर भर्ती करवाया।' आशीष का आरोप है, 'जिस वक्त हम मरीज को अस्पताल लेकर आए, कोई भी सीनियर डॉक्टर अस्पताल में नहीं था। जूनियर डॉक्टर किसी का बर्थडे मनाने में व्यस्त थे। हमने उनसे रिक्वेस्ट की तो हमें बुरी तरह से डांट कर वहां से भगा दिया गया। पट्टी करने के अलावा मरीज को न ही कोई इंजेक्शन दिया गया और न ही किसी प्रकार का इलाज किया गया। मरीज को रेफर भी नहीं किया गया।'

### अस्पताल प्रबंधन बोला- आरोप बेबुनियाद

अस्पताल प्रबंधन आरोपों से इनकार कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज की मलहम-पट्टी की गई थी। बता दें कि अभी कुछ ही दिन पहले अस्पताल में मरीज को इलाज न मिलने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी पोस्ट कर सवाल उठाए थे।

# 24 अप्रैल को सागर आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को करेंगे संबोधित



**सागर।** लोकसभा चुनाव के चलते 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सागर आ रहे हैं। वे मकरोनिया के बड़तूमा में लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर सागर में भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों को लेकर सागर क्लस्टर प्रभारी व पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, खुरई विधायक व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया समेत अन्य भाजपा नेता ने बड़तूमा पहुंचकर सभा स्थल का जायजा लिया। जहां उन्होंने सभा का मंच लगाने, पार्किंग और आने-जाने के लिए मार्ग समेत हेलीपैड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सागर क्लस्टर प्रभारी व पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सागर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के सागर आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सागर में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा मध्यप्रदेश की 29 में से 29 सीटें जीतेगी। इधर, प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर भाजपा स्वयं सेवी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आम सभा की तैयारियों की जिम्मेदारी सौंप गई। लोकसभा सह संयोजक श्याम तिवारी ने जानकरी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सागर के बड़तूमा में आ रहे हैं। जहां वे लोकसभा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे।

# राहुल गांधी रणछोड़दास हो गए: शिवराज

## मऊगंज में कहा- कांग्रेस का विसर्जन तय, रीवा में पटवारी बोले- मोदी जा रहे





**रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को रीवा में कहा, '19 अप्रैल को एमपी की 6 सीटों पर चुनाव हुए। इनमें 4 सीट कांग्रेस लाएगी। देश में जिस तरह से वोटिंग की ट्रेंड चल रही है, मोदी जा रहे हैं और इंडिया गठबंधन आ रहा है।' पटवारी आज रीवा संभाग के दौरे पर हैं। वे रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में पहुंचे हैं। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी आज मऊगंज पहुंचे। रीवा से बीजेपी प्रत्याशी जनार्दन मिश्र के समर्थन में हुई सभा में उनके निशाने पर राहुल गांधी रहे। पूर्व सीएम ने कहा, 'कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं। चुनाव के मैदान से पलायन कर दिया। राहुल बाबा अमेठी से लड़ते थे। वे रणछोड़दास हो गए। अमेठी से वायनाड निकल लिए। लेकिन, हम लड़ रहे, क्योंकि हम यहां पैदा हुए हैं।'

### पटवारी बोले- मोदी छोटी और ओछी भाषा बोलते हैं

राहुल गांधी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पटवारी ने कहा, 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की भाषा प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देती। आपने 10 साल में क्या किया? देश में सबसे ज्यादा गरीबी क्यों है? देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी क्यों है? सिलेंडर 1200 का क्यों हो गया? आप देश को क्या देना चाहते हैं? इस पर बात नहीं करते, छोटा और ओछी भाषा बोलते हैं।' आज नांदेड़ (महाराष्ट्र) की सभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है, 'राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद किसी अन्य क्षेत्र से नामांकन करेंगे। कांग्रेस के शहजादे को अब वायनाड से भी डर लग रहा है। वे अब अमेठी की तरह वायनाड भी छोड़कर भागेंगे।'

### शिवराज बोले-राहुल बाबा, इटली वाली भाषा हम नहीं ला सकते

मऊगंज की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'राहुल गांधी कह रहे थे कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों के लिए कुछ कहा ही नहीं है। अरे राहुल बाबा, हमने हिंदी में संकल्प पत्र जारी किया है, जरा ध्यान से पढ़ लो।

## भाजपा कार्यकताओं का चुनाव में काम करने से इंकार

**दमोह।** दमोह विधानसभा क्षेत्र के इमलाई गांव के दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर अपना इस्तीफा कार्यालय में जमा किया है। उनका कहना है कि वह इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में वे कोई भी काम नहीं करेंगे। यहां के लोगों ने बताया की मूलभूत सुविधाओं में शामिल आवास और पानी उन्हें नहीं मिल रहा है। 2016 से पीएम आवास योजना चल रही है लेकिन उनके गांव के लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा पानी के लिए भी उन्हें परेशान होना पड़ता है। इन लोगों का यह भी कहना है कि उन्होंने अपने जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में शिकायत भी की थी। आचार संहिता के पहले दमोह विधायक जयंत मलैया ने उनकी समस्या के निराकरण के लिए पी एच ई को पत्र लिखा था। वह पत्र कलेक्टर तक पहुंचा है, लेकिन इसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## कोतवाली पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

# रुपए से भरा बैग चुराने वाले 6 चोर गिरफ्तार, 4 लाख 32 रुपए नकद बरामद



**पन्ना।** जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को फरियादी अशोक शर्मा पिता जीवनलाल शर्मा (55) निवासी जीपी कॉन्वेंट स्कूल के पास त्यागी नगर मुरार ग्वालियर ने कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट करवाकर बताया था कि वह ग्वालियर में पेंट बनाने वाली कंपनी में काम करते हैं। 17 अपैल को वह ग्वालियर से बस के माध्यम से पन्ना जिले के अमानगंज आ रहे थे। इसी दौरान मेरा ट्राली बैग चोरी हो गया। जिसमें 4 लाख 60 हजार रुपए नकद, कागजात, कपड़े और अन्य सामान रखा था।

### ऐसे हुआ खुलासा

फरियादी की शिकायत पर पन्ना कोतवाली ने मामला कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी और शहर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकालकर संदेही व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम ने 2 संदेही व्यक्तियों को छतरपुर बस स्टैंड के पास से पुलिस पकड़कर पूछताछ की। उक्त व्यक्तियों ने बताया गया कि 4 अन्य साथियों के साथ 3 बाइक्स से पन्ना गए थे। पन्ना बस स्टैंड में हम लोगों ने एक व्यक्ति को ट्रॉली बैग लिए देखा था, जिसमें ताला लगा था। उक्त ट्रॉली बैग में कीमती सामान होने की संभावना होने पर हम सभी लोगों ने चोरी कर लिया था। दोनों आरोपियों के बताने पर 4 आरोपियों को भी पुलिस गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से ट्रॉली बैग सहित 4 लाख 32 रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त 3 बाइक्स कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रुपए एवं आरोपियों के 6 मोबाइल कीमत 60 हजार एरुपए जब्त किए हैं। मामले का खुलासा शनिवार को पन्ना एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया है।

### गिरफ्तार आरोपी के नाम

● गौरीशंकर निषाद पिता हुबराज निषाद (58) निवासी शिवतारा थाना आलापुर अम्बेडकर नगर उ.प्र.। दिनेश यादव पिता चन्द्रिका यादव (32) निवासी ग्राम जोल्हापुर उ.प्र.। ● राधे कुमार शाह पिता बलराम शाह (22) निवासी ग्राम मढहरा थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। ● दिलीप निषाद पिता रामचंद्र निषाद (25) निवासी कमईपुर थाना आलापुर जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश। ● मिठाई निषाद पिता सुरेश निषाद (44) निवासी ग्राम सेरवा थाना अतरैलिया जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश। ● जिुल्मी निषाद पिता बहाउ निषाद (35) निवासी ग्राम असाधार पट्टी थाना गंधारपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश



# पेंटिंग के शौक से मिलेगा रोजगार

अगर आप पेंटिंग का शौक रखते हैं और आप को रंगों से खेलना अच्छा लगता है तो आप एक पेंटिंग को अपना पेश बना सकते हैं। अगर आप में कलात्मकता है तो आप इस क्षेत्र में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। आज एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर अखबर , मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में काम कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी खोल सकते हैं।

बचपन में हम सभी ने अपने हाथों में ब्रश उठाकर पेंटिंग की है। पेंटिंग करना यकीनन हर किसी के मन को सुकून देता है, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते चले जाते हैं, वह शौक कहीं पीछे छूटने लगता है। काम की आपाधापी में ब्रश हाथों से कब दूर चला जाता है, पता ही नहीं चलता। लेकिन अगर आपको पेंटिंग करना बेहद पसंद है तो क्यों न अपने इसी शौक को आप अपना कॅरियर बना लें। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में-

## संभावनाएं

पेंटिंग एक बेहतरीन कॅरियर है और एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर न्यूजपेपर, मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में आर्टवर्क की तलाश कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का कोचिंग इंस्टीट्यूट खोलें।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आपका काम लोगों को कितना पसंद आता है, लेकिन फिर भी शुरूआती दौर में आप बीस से पच्चीस हजार आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के अनुभव व आपके काम की लोकप्रियता के आधार पर आपकी आमदनी कई गुना बढ़ भी सकती है।

## क्या होता है काम

एक पेंटर कई तरह के काम करता है। उसका काम घर से लेकर बाहर तक हो सकता है। वह सिर्फ छोटे स्केल पर कागज पर पेंटिंग नहीं करता और न की उसका काम सिर्फ कैनवास तक सीमित है, बल्कि वह घर को नया रुप देने के साथ ही किसी या अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी अपना कलात्मकता दिखा समा है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में सफलता के लिए सबसे जरूरी है आपका कल्पनाशील होना। इसके अलावा आपको पेंट कलर्स, टोन्स, हाइलाइट व आर्ट के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। आपको कलर्स के शेड्स व उनकी मिक्सिंग की जानकारी भी होनी चाहिए। कई बार एक पेंटर को कई बड़े प्रोजेक्ट करने होते हैं, इसलिए उसे टीम के साथ भी काम करना होता है। साथ ही आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, इसके लिए आप फिजिकली व मेंटली तैयार रहें। एक पेंटर सिर्फ पेंटिंग ही नहीं करता, बल्कि अपने काम को लोगों के सामने पेश भी करता है, इसलिए आपके कम्युनिकेशन व लैंग्वेज स्किल भी अच्छी होनी जरूरी है।

एक पेंटर बनने के लिए अलग से किसी स्पेशल क्वालिफिकेशन की जरूरत नहीं होती। लेकिन पेंटिंग की बारीकियों को समझने और अपना हाथ साफ करने के लिए आप इस क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स जैसे बीए इन पेंटिंग, बीए पेंटिंग, स्कल्पचर, अप्लाइड आर्टस, बीएफए पेंटिंग, कोर्स आदि कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद इस क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया जा सकता है।

# बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों के लिए करें योजनाबद्ध तैयारी

परिक्षाओं का मौसम चल रहा है। बोर्ड परिक्षाएं भी करीब आ रही हैं। कोरोना महामारी के कारण इस साल छात्रों के स्कूल भी ऑनलाइन रहे हैं। ऐसे में उन्हें परिक्षाओं में बेहतर अंक के लिए और ज्यादा मेहनत करने के साथ ही योजना के अनुसार तैयारी करनी होगी।

## इस प्रकार करें तैयारी

परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले आपको अपना टाइमटेबल बनाना चाहिए। ध्यान रखें कि आपका टाइम टेबल पूरी तरह से सिलेबस के आधार पर तैयार किया गया हो। संभव हो तो ऐसे विषय को ज्यादा तरजीह दें जिन्हें आप कठिन मानते हैं।आप उन विषय को भी समय जरूर दें जो आपके लिए आसान है। ऐसा करने से आप तय समय के अंदर ही सभी विषय के सिलेबस को समय दे पाएंगे। आपकी यह रणनीति परीक्षा में बेहतर नंबर लाने में आपकी मदद करेगा।



## खाने का रखें पूरा ख्याल

अक्सर ऐसा देखा जाता है कि छात्र परीक्षा की तैयारी के दौरान खाना-पीना भी सही से नहीं लेते। इसका असर भी उनकी सेहत पर ही पड़ता है। ऐसा करने से परीक्षा की तैयारी करते समय आपके बीमार होने की संभावना बढ़

जाती है। लिहाजा आपको चाहिए कि तैयारी करते समय आप पढ़ाई के साथ-साथ आपको अपने खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## बीच-बीच में आराम करें

तैयारी करते समय समय-समय पर ब्रेक लेना जरूरी है. पढ़ाई के बीच में लिया जाने वाला यह ब्रेक आपको पहले पढ़ी गई चीजों को दोबारा से दोहराने का मौका देता है. इसके साथ ही यह ब्रेक

आपके मेमोरी को बेहतर करने में भी मददगार होता है. आम तौर पर छात्रों को अपनी पढ़ाई के बीच 10 से 15 मिनट का ब्रेक लेते रहना चाहिए.

## कठिन विषय को ज्यादा समय दें

बोर्ड की तैयारी के दौरान आपके पास सीमित समय होता है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप उन विषय की तैयारी पहले शुरू करें जो आपके लिए कठिन हैं। बोर्ड की तैयारी शुरू करते समय छात्र का दिमाग

तरोताजा होता है। ऐसे में आपको कठिन विषय की तैयारी में काफी मदद मिलेगी।

## जरूरत से ज्यादा तनाव न लें

बोर्ड परीक्षा की तारीखों के नजदीक आते ही अक्सर छात्र तनाव में आ जाते हैं और वह पहले पढ़े हुए चीजों को लेकर भी संदेह में आने लगते है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप जरूरत से ज्यादा तनाव न लें। इसका विपरीत असर आपकी ही तैयारी पर भी पड़ता है। इस प्रकार आपका परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा।



आम तौर पर माना जाता है कि एक लाइब्रेरियन का काम सिर्फ किताबों की सही तरह से व्यवस्था करना है पर यह सही नहीं है। बल्कि लाइब्रेरियन का काम लाइब्रेरी की देखभाल व उसके लिए बजट तैयार करना होता है। इसके अलावा वह किताबों से संबंधित जानकारी व सूचनाओं को भी मुहैया कराता है।

# लाइब्रेरी साइंस का कोर्स कर शुरु करें अपना कैरियर

आज के समय में लोग भले ही सूचनाओं को कंप्यूटर या फोन पर हासिल करने लग गए हों, लेकिन फिर भी किताबों का महत्व उसी तरह बरकरार है। आज भी पढ़ने के शौकीन लोग कई तरह की किताबें, मैगजीन व अखबार आदि पढ़ना पसंद करते हैं और इसके लिए वह लाइब्रेरी का रूख करते हैं। वहां पर पत्र-पत्रिकाओं का एक बड़ा कलेक्शन मौजूद होता है और हर कोई अपनी पसंद की किताब वहां आसानी से पढ़ सकता है। अगर आपको हरदम किताबों से घिरे रहना पसंद है तो लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करके बतौर लाइब्रेरियन अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।



## क्या होता है काम

एक लाइब्रेरियन का काम सिर्फ किताबों की सही तरह से व्यवस्था करना ही नहीं होता, बल्कि वह पूरी लाइब्रेरी की देखभाल व उसके लिए बजट तैयार करना होता है। इसके अलावा वह किताबों से संबंधित जानकारी व सूचनाओं को भी मुहैया कराता है। आसान शब्दों में, एक लाइब्रेरी को बेहतर बनाने के लिए जिन भी प्रयासों की आवश्यकता होती है, वह सभी उसके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कदम रखने वाले छात्रों को सबसे पहले तो किताबों से लगाव होना बेहद जरूरी है। अगर आपका किताबों के प्रति रूझान नहीं है तो यह क्षेत्र आपके लिए नहीं है। इसके अलावा आपके भीतर मैनेजमेंट स्किल्स भी होने चाहिए। अगर आपके कम्युनिकेशन स्किल्स भी उतने ही बेहतर होने चाहिए।

## योग्यता

इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोमा, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स उपलब्ध हैं। अगर आप लाइब्रेरी साइंस में एक वर्षीय बैचलर डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं तो आपके पास कम से कम स्नातक स्तर की योग्यता होनी बेहद आवश्यक है। ठीक इसी तरह, मास्टर्स डिग्री करने के लिए लाइब्रेरी साइंस में बैचलर डिग्री होनी चाहिए।

# पैराग्लाइडिंग निर्देशक बन दें लोगों को सही प्रशिक्षण व मार्गदर्शन



आजकल साहसी खेलों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों के मन में पैराग्लाइडिंग के प्रति अलग ही क्रेज देखा जा रहा है, जिसके कारण पैराग्लाइडिंग इंस्ट्रक्टर होना बेहद जरूरी है। एक पैराग्लाइडिंग निर्देशक का मुख्य काम आम लोगों से लेकर टूरिस्ट को सही तरह से प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान करना।

अधिकांशत: जब भी लोग गर्मियों की छुट्टियां मनाने कहीं पहाडी क्षेत्रों में जातें हैं तो वे कुछ अलग और रोमांचक करना चाहते हैं। ऐसे में उनके मन में सबसे पहले पैराग्लाइडिंग करने का ख्याल आता है। लोगों के मन में भले ही जमीन से कई फुट ऊपर उड़ने की चाहत हो, परंतु इसको बिना निर्देशक की मदद के नहीं किया जा सकता। ये प्रोफेशनल्स होते हैं, जो आम लोगों को भी कुछ ही देर में आसमान में उड़ने के लिए प्रशिक्षित करते हैं। जिससे लोगों को कुछ रोमांचक करने की चाहत बढ़ जाती है। इसके लिए पैराग्लाइडिंग निर्देशक की आवश्यकता भी अधिक महसूस की जाने लगी है। तो जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में-


**क्या होता है काम:** आजकल लोगों के मन में पैराग्लाइडिंग के प्रति अलग ही क्रेज देखा जा रहा है, जिसके कारण पैराग्लाइडिंग इंस्ट्रक्टर होना बेहद जरूरी है। एक पैराग्लाइडिंग इंस्ट्रक्टर का मुख्य काम आम लोगों से लेकर टूरिस्ट को सही तरह से टेनिंग व गाइडेंस प्रदान करते हैं। वह उन्हें छोटी से छोटी बारीक बातों की भी जानकारी देते हैं ताकि आम पैराग्लाइडर के साथ कोई अनहोनी घटना न हो। वह ग्राउंड लेवल से लेकर 100 फुट से 1000 फुट तक उंचाई में उड़ने का अभ्यास कराते हैं। कुछ नए पैराग्लाइडर काफी डरते हैं, ऐसे में उनके मन से डर निकालने का काम भी एक पैराग्लाइडिंग इंस्ट्रक्टर का ही होता है।

# कैरियर को बनाने में कुछ सहायक बातें ....

यह ऐसा समय है जबकि एक छोटी सी भूल या गलती आपको कैरियर में काफी पीछे ले जाती है। इसी वजह से कैरियर में हमें अनेक बार ऐसा अहसास होता है कि हम समय से काफी पीछे चले गए हैं। सब कुछ अच्छा होते हुए भी कुछ रह जाने का दर्द हमें सालता रहता है। ऐसे ही अहसास से छुटकारा पाने के लिए जरुरी है कुछ टिप्स अपनाने की वो इस प्रकार हैं।

**दक्षता पर ध्यान दें:** किसी भी क्षेत्र में दक्षता होनी आवस्यक होती है। हो सकता है कि आप समझाते हों कि आप अपने विभाग में या काम करने की जगह पर सबसे ज्यादा योग्य हैं। आपका अकेडमिक नॉलेज बेहद अच्छा है, लेकिन जब तक काम में दक्षता नहीं होगी यह सब बेकार हो जाता है। इसके लिए जरुरी है कि किताबी ज्ञान से इतर करके देखने पर अमल किया जाए। अपनी कार्य और प्रोफाइल के मुताबिक अपने आपको और अधि?क दक्ष बनाएं ताकि आपकी रुकावटें दूर हो सकें और कैरियर बेहतर हो सके।

**खुद को बदलने में है समझदारी:** अनेक बार हम एक ही जगह लंबे समय तक एक ही तरह का काम करते हुए स्वयं को संतुष्ट कर लेते हैं। यह आपके कैरियर के लिए हानिकारक बात हो सकती है। एक ही जगह या एक ही कंपनी में रहना ठीक है, लेकिन कुछ नया न सीखना या न करना खुद को जांचने और परखने की बजाय जंग लगाने के बराबर है। इसलिए खुद को अप टू डेट रखने के लिए कुछ जरुरी बदलाव लाएं। नई-नई तकनीक और नए नए हुनर सीखने में कोई हर्ज नहीं है।




**आत्मविश्वास लाएं**

अब आप भले ही योग्य और सीखे हुए हैं लेकिन इसके साथ जरुरी है कि आप में आत्मविश्वास भी हो। काफी अच्छी शिक्षा और आपका कई मायनों में दूसरों से बेहतर होना तब फायदेमंद नहीं होता जबकि आपमें आत्मविश्वास नहीं होता। ऐसे में यह सब बेकार साबित हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि अपने अंदर आत्मविश्वास जगाएं। जरा सोचें कि जब आप आत्मविश्वास से भरे होंगे तभी तो दूसरे आपकी बात पर विश्वास करेंगे।

**ईमानदारी जरुर रखें :** तमाम बातों के साथ ही साथ आप अपने करियर के प्रति ईमानदार रहें, वर्ना एक छोटा सा झूठ आपके कैरियर में ग्रहण लगा सकता है। कभी भी खुद को लेकर बड़ी-बड़ी बातें न करें। ऐसा करने से लोगों को या आपके बॉस को आपसे उम्मीदें बढ़ती चली जाएंगी और तब जबकि आप उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे तो यह आपके कैरियर में बैरियर लगाने वाला साबित हो जाएगा। इसलिए अपने काम को बोलने दें और खुद भी ईमानदार रहें।

**अतिमहत्वाकांक्षा से बचें:** महत्वकांक्षी तो प्रत्येक मनुष्य को होना ही चाहिए, लेकिन अपनी महत्वकांक्षाओं के लिए अगर आप दूसरों को किनारे करेंगे तो यह आपके लिए कुछ समय तक तो सुकून या संतोष देने वाला साबित हो सकता है, लेकिन करियर को ऊंची उड़ान भरने में सहायक साबित नहीं हो सकता। इसलिए महत्वकांक्षी होना अच्छा है, लेकिन अतिमहत्वाकांक्षी होकर गलत कदम उठाना सही नहीं है।

# 90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं : रवीना टंडन

## एक्ट्रेस बोली- उन्हें खुद को स्थापित करने में लगा समय



बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन का सिनेमा जगत में 90 के दशक में जलवा था और तब उन्होंने कई हिट फिल्में दी है। हाल ही में, रवीना ने 90 के दशक से जुड़े कई राज खोले हैं। रवीना टंडन अपने करियर को ईमानदारी से आत्मनिरीक्षण के साथ देखती हैं। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं, उन्हें खुद को स्थापित करने में समय लगा। उस दौर में एक हीरो एक फिल्म में जितना कमाता था, वो अभिनेत्रियों को 15 के साल बाद मिला। अभिनेत्री ने बताया 90 के दशक में जब उन्होंने अपनी बॉलीवुड यात्रा शुरू की, तब उन्हें एक धारणा की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। दरअसल, उस वक्त उन्होंने खुद को ऐसी फिल्मों में पाया जो फार्मूलाबद्ध व्यावसायिक फिल्मों होती थीं और इनमें वे स्टीरियोटाइप रूढ़िबद्ध हो रही थी। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक में हालत ऐसी थी कि अभिनेत्रियों के पास बड़े अवसर होते थे लेकिन अपने ही करियर की रणनीति बनाने का मौका नहीं मिलता था। उनके पास अपना काम चुनने की आजादी बहुत ही कम थी। जब वे फिल्में रिलीज होने लगती थी, जिनमें 6 सुपरहिट गाने और वही एक जैसे सीन होते थे तो इस तरह की और भी फिल्मों में काम मिलने लगता था। ऐसी स्थिति में एक्ट्रेस को आंख मूंदकर फिल्मों को साइन कर लिया जाता था और करियर प्लानिंग नाम की कोई चीज थी ही नहीं। रवीना ने 90 के दशक में हम एक वक्त में एक या दो फिल्मों में काम नहीं करते थे। हम एक साथ 10 से 12 फिल्में किया करते थे। कुछ फिल्मों के बारे में ऐसा कहा जाता था कि अगर उसमें कोई बड़ा अभिनेता और बड़ा निर्देशक है तो फिल्म सुपरहिट साबित होगी और तब प्रोजेक्टस को लेकर ज्यादा चयन नहीं होता था। बातचीत के दौरान रवीना टंडन ने कहा कि उन दिनों अभिनेत्रियों को अभिनय करने के ज्यादा पैसे नहीं मिलते थे।

उस दौरान फिल्म का एक लीड हीरो एक फिल्म से जितना कमा लेता था, एक अभिनेत्री उतना पैसा 15 से 16 फिल्मों में काम करने के बाद ही कमा पाती थी। ये सब स्टीरियोटाइपिंग यानी रुढ़िवादि सोच का कारण होता था, क्योंकि हमें अपने को स्थापित करने में वक्त लगा। आगे रवीना ने कहा, सौभाग्य से, यह अब बदल गया है। समय ऐसा है कि ओम शांति ओम के बाद, दीपिका पादुकोण को पांचवीं-छठी फिल्म के रूप में बाजीराव मस्तानी मिलती है, जिससे उन्हें ऐसी भूमिकाएं करने का मौका मिलता है जो वो करना चाहती हैं, जो हमें लंबे समय तक काम करने के बाद 20 वीं फिल्म में मिला है। हमारी इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों को सौभाग्य से उनकी चौथी-पांचवीं फिल्म में ऐसा करने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर के बाद सीधे आलिया भट्ट को इम्तियाज जैसे अच्छे निर्देशक के साथ हाईवे करने का मौका मिला और वो काफी शानदार है। उन दिनों हमें खुद को स्थापित करने में निश्चित रूप से समय लगा।

ऐसा नहीं था कि हम सावधानीपूर्वक सोचेंगे, ओह, मैं इसे आगे करूंगी। बेशक, ओटीटी ने इसे हर तरह की फिल्म बनाने के लिए भी खोल दिया है। रवीना को लगता है कि अब ऐसा नहीं है, क्योंकि वो इस बात पर जोर डालती हैं कि कैसे फीमेल स्टार आज खुद को बेहतर स्थिति में पाती हैं, उनके करियर की शुरुआत में ही मनोरंजक फिल्में आ रही हैं और स्ट्रीमिंग शो का अवसर उन्हें सोचने का एक और मौका दे रहा है। बता दें कि रवीना ने पिछले पांच वर्षों में बड़े पर्दे केजीएफ चैप्टर 2, उनके ओटीटी डेब्यू अरण्यक और उनके दो डिज्नी प्लस हॉटस्टार कर्मा कॉलिंग और पटना शुक्ला जैसी विविध परियोजनाओं में अभिनय किया है। और हर ओर उन्हें खूब सराहा गया है।



# प्रेग्नेंसी के दौरान सिंघम अगेन में एक्शन सीन कर रही दीपिका

**दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले प्रेग्नेंसी को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किया था। वहीं अब सोशल मीडिया पर 'सिंघम अगेन' के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि वे फिल्म में एक्शन सीन करते हुए दिखाई देंगी।**

सामने आई तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में हैं। उनके चारों ओर जो कलाकार हैं, वे गुंडों की वेशभूषा में है। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वे एक एक्शन सीन कर रही हैं। फैंस दावा कर रहे हैं कि शूट के दौरान उनका बेबी बंप भी दिख रहा है। यह तस्वीरें दीपिका पादुकोण के एक फैन पेज से साझा की गई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी ना हो।

'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

## वेट्रनेरियन बनना चाहती थी नरगिस फाखरी

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने खुलासा किया कि मैं बचपन में वेट्रनेरियन बनना चाहती थी। मुझे जानवरों से प्यार है और बचपन से ही मैं उन्हें एक सुरक्षित वातावरण देना चाहती थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और मैं फिल्म इंडस्ट्री में आ गई। अगर मुझे अपने जीवन पर विचार करना हो और अतीत में जाना हो तो, मैं कुछ भी नहीं बदलूंगी। इन सालों में, मुझे अपनी कला से प्यार हो गया है, मेरा मतलब है, मैं स्क्रीन पर जो चाहती हूं, वह कर सकती हूं और बन सकती हूं। यह भी मैंने अनुभव किया है प्रभावशाली फिल्में लोगों के जीवन पर असर डालती हैं। यही कारण है कि मेरी कोशिश ऐसी फिल्में करने की है, जो महत्वपूर्ण हों और हमारे रोज़मर्रा के संघर्षों से एस्केपिज्म की तरह काम करें। हाल ही में, नरगिस फाखरी खुशी से भर गई क्योंकि मैं तेरा हीरो ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए।



# धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे सुपरस्टार रजनीकांत

## एक्टर इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में है व्यस्त

जेलर के बाद दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत इन दिनों अपनी अगली फिल्मों को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है।

इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्कि बाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है।

फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था। गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी।

वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे। अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत ने वेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं। जिसे देख फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर पहुंच चुका है। ये एक गैंगस्टर क्राइम थ्रिलर ड्रामा मूवी होगी। जिसे लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं।बता दें कि रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की।



## मिस्टर एंड मिसेज माही का एक और पोस्टर जारी




बालीवुड की अपकमिंग मूवी मिस्टर एंड मिसेज माही का एक और नया पोस्टर सामने आया है। ये मूवी महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित है। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था। जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की मूवी मिस्टर एंड मिसेज माही के पोस्टर में मूवी की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। ये फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जारी किए गए इस पोस्टर में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव खड़े नजर आ रहे हैं। जर्सी पर महिमा और महेंद्र लिखा नजर आ रहा है। इसके साथ जर्सी पर 7 नंबर भी लिखा हुआ है। पोस्टर में दोनों ने ही अपने हाथ ऊपर की ओर उठाए हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही की स्टोरी टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित है। करण जौहर की इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में दिखाई देंगे। पोस्टर जारी होने के बाद सुशांत सिंह राजपूत के फैंस उन्हें एक बार फिर मिस करने लगे हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने भी महेंद्र सिंह धोनी पर बनी मूवी में धोनी का किरदार निभाया था।



## डर को स्वीकार करना ही साहस है: सुष्मिता सेन

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डर से निपटने के तरीके पर बात की है। पूर्व मिस यूनिवर्स ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में कैमरे में देखते हुए अपनी एक डी-ग्लैम फोटो शेयर की है। सुष्मिता ने तस्वीर पर लिखा, साहस भय का अभाव नहीं है, दरअसल इसकी शुरुआत डर को स्वीकार करने से होती है।÷ विपरीत परिस्थितियों में भी खड़े रहने के सुष्मिता सेन के हौसले की अक्सर तारीफ की जाती है। इससे पहले अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था कि वह किसी चीज का पीछा नहीं करती बल्कि उसे अपनी ओर आकर्षित करती है और संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता और प्रचुरता को चुनती है। एक्ट्रेस ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर काले रंग के टैंक टॉप और गुलाबी रंग के बड़े धूप के चश्मे के साथ अपनी एक फोटो शेयर की थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं पीछा नहीं करती, मैं आकर्षित करती हूं... मेरा गुलाबी रंग का चश्मा अक्सर मुझे याद दिलाता है... यह वहां क्या है के बारे में नहीं है, यह मैं क्या देखना चुनती हूं के बारे में है... मैं संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता, एकता और प्रचुरता को देखना चुनती हूं... मैं जो चुनती हूं, मैं उसे आकर्षित करती हूं।

# जूनियर एनटीआर पहनते है 9 करोड़ की घड़ी

## पूर्व सीएम की भतीजी संग की है शादी

ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर के स्टार अभिनेता जूनियर एनटीआर काफी महंगी घड़ी पहनने के शौकीन हैं। हाल ही में उन्हें ऋतिक रोशन की वॉर 2 की शूटिंग के लिए मुंबई में देखा गया था। उन्होंने मुंबई के कलिना हवाई अड्डे पर अपनी उपस्थिति के दौरान अपनी वेशकीमती घड़ी रिचर्ड मिल को प्लॉन्ट किया था।


पैपराजी अकाउंट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, आरआरआर अभिनेता एक ग्रे डोल्से और गब्बाना शर्ट, काली टोपी, धूप का चश्मा और एक आकर्षक रिचर्ड मिल्ली कलाई घड़ी में दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जूनियर एनटीआर को इससे पहले 1.37 करोड़ रुपये की एक और प्रीमियम घड़ी पहने देखा गया था जो कि पटेक फिलिप ब्रांड की थी। लेकिन हाल ही में वे 8.7 यानी लगभग 9 करोड़ रुपए की घड़ी पहने देखे गए थे।इतना ही नहीं, महंगी एक्सेसरिज में आरआरआर



स्टार के पास लेम्बोर्गिनी उरुस से लेकर पोर्शे तक का एक शानदार कार कलेक्शन भी है। वो मर्सिडीज-बेंज जीएलएस, रेंज रोवर वोग और बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज के भी मालिक हैं। जूनियर एनटीआर की नेटवर्थ 571 रुपए से ज्यादा है। अभिनेता पहले एक फिल्म से 40 करोड़ लेते थे और उन्होंने आरआरआर के लिए 45 करोड़ की मांग की थी लेकिन अब उनका मेहनताना बढ़ गया है। तारक अब एक फिल्म से 50 से 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं। फिल्म का बजट कम है तो 50 और ज्यादा है वो 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं।आपको बता दें कि अभिनेता की वाइफ भी एक अमीर खानदान से आती हैं। तारक ने किसी हीरोइन से नहीं बल्कि रियाल्टार और बिजनेसमैन नार्ने श्रीनिवास राव की बेटी लक्ष्मी प्रणथी से शादी की है। बता दें कि लक्ष्मी आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की भतीजी हैं। इस बीच काम के मोर्चे पर बात करें तो जूनियर एनटीआर निर्देशक कोरातला शिवा की देवरा मेंबिजी हैं, जो दो भागों में रिलीज होगी। कोरातला शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित देवरा÷ भाग 1 एक एक्शन ड्रामा है जिसमें जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। यह मूवी जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म भी है।

## कंगुवा के पोस्टर में एक्टर डबल रोल में नजर आ रहे सूर्या

साउथ के सुपरस्टार सूर्या ने अपनी आगामी फिल्म कंगुवा के पोस्टर में एक्टर डबल रोल में नजर आ रहे हैं। सूर्या ने अपने ऑफीशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को अपनी अपकमिंग फिल्म कंगुवा के पहले पोस्टर के साथ सरप्राइज दिया है। पोस्टर में एक्टर डबल रोल में आमने सामने खड़े दिखा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एक्टर का इस फिल्म में एक रोल आज से 500 साल पुराना होगा, वहीं उनका दूसरा रोल आज के समय का होगा। एक्टर के शेयर किए गए इस पोस्टर को अब तक लाखों फैंस ने लाइक किया है। इसके साथ ही फैंस उन्हें इस फिल्म के लिए बधाई भी दे रहे हैं। वहीं एक यूजर ने कमेंट में एक्टर से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी सवाल किया है। बता दें कंगुवा एक पीरियड ड्रामा फिल्म होने वाली है।



# छह माह में लम्हेटा केबल स्टे ब्रिज का वर्क 10 फीसदी ही कर सके



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

लम्हेटा केबल स्टे ब्रिज की निर्माण लागत को दो माह पहले 89 से 177 करोड़ कर दिया, पर इसके निर्माण की गति को अब तक नहीं बढ़ाया जा सका है। लोक निर्माण सेतु सितंबर 2024 में इसका निर्माण पूरा होने का दावा कर रहा था, अब यह मार्च 2025 में पूरा होगा, यह कहा जा रहा है। नर्मदा के ऊपर बन रहे इस केबल स्टे ब्रिज के निर्माण का प्रतिशत 6 माहों में केवल 10 फीसदी ही आगे बढ़ सका। अप्रैल के शुरूआती सप्ताह तक इसका वर्क रिकॉर्ड में 70 फीसदी पूरा होना बताया जा रहा है। वैसे इस केबल स्टे ब्रिज के निर्माण की कवायद 2017 से चल रही है और 2021 में मौके पर इसका वर्क आरंभ हुआ है। लंबी प्रोसेस के बाद भी अभी इसमें मुख्य हिस्से में वर्क बाकी है, जिसको लेकर जानकारों का कहना है कि कम से कम एक साल की कवायद के बाद ही इसका वर्क पूरा हो सकता है। लोक निर्माण सेतु के अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण कोरिया से इसके लिए केबल मँगाया है, उसमें कुछ समय लगा। अब इसके निर्माण की गति को और तेज कर दिया जाएगा।

## 15 किलोमीटर का घेरा कम होगा

लम्हेटा से उस पार लम्हेटी गाँव की सीमा तक बन रहे केबल स्टे ब्रिज के बन जाने से नर्मदा के उस पार जाने में कम से कम 15 किलोमीटर का घेरा कम होगा। लम्हेटा से सीधे उस पार लम्हेटी, इमलिया, डुडवारा, न्यू भेड़ाघाट और गौरीगाँव तक आसानी से जा सकते हैं। इसी तरह लम्हेटी से नानाखेड़ा और आगे चरगवाँ तिलवारा रोड पर भी इसी हिस्से से आसानी से जा सकते हैं। इस ब्रिज के बन जाने से नर्मदा परिक्रमा करने वालों को बड़ा लाभ होने वाला है।

## समय सीमा आगे बढ़ जाती है

लोक निर्माण सेतु हो या लोक निर्माण एनएच, लोक निर्माण विभाग जब भी संभाग में कोई सेतु, सड़क या अन्य तरह की संरचना का निर्माण करता है तो लोगों का कहना है इसके निर्माण की समय सीमा, जो पहले निर्धारित की जाती है, उससे कई महीनों, यहाँ तक कि सालों बाद निर्माण पूरा हो पाता है।कोई परेशानी या निर्माण में बाधा नहीं तो भी देरी होने से जनता काम के तरीकों से परेशान होती रहती है। हर चार माह में समय सीमा आगे बढ़ जाती है।



# बरगी के ट्रांसफार्मर कंपनी में लगी भीषण आग, बिजली हुई बंद

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

बरगी रोड पर सालीवाड़ा और बरगी शासकीय आइटीआइ के नजदीक एक ट्रांसफार्मर कंपनी है। जिसमें गुरुवार को लगभग तीन बजे के करीब भीषण आग लग गई। आग लगने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना बरगी आइटीआइ के पास निवासी वीरेंद्र यादव ने सरपंच मंजू चौकसे को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। भेड़ाघाट से संतोष पुरी, रांझी व जबलपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी भेजी गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बरगी सरपंच मंजू चौकसे ने बताया कि बरगी ग्राम पंचायत अंतर्गत ट्रांसफार्मर कंपनी में आग लगने की घटना से ग्रामीण भयभीत हो गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

## बरगी में बिजली हुई बंद

बरगी के उमरिया में बिजली सुबह बंद होने से मतदान केंद्र में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे से ज्यादा वक्त के लिए बिजली की आपूर्ति बाधित रही। एसई नीरज कुचिया ने बताया कि बरगी में एक फैक्ट्री में आग लगने की वजह से सुरक्षा को देखते हुए बिजली का एक फीडर बंद किया गया था। स्थिति काबू में आने के बाद बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली बंद होने की शिकायत भाजपा-कांग्रेस के नेताओं को लगी तो उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क किया जिसके बाद सुधार किया गया।

# बेलखाडू से पनागर मार्ग में बघोड़ा पुल से पलटी कार, परियट नदी में गिरी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



बेलखाडू-पनागर मार्ग पर तेज गति से भाग रही एक कार ग्राम बघोड़ा के पास परियट नदी के पुल से नीचे गिर गई। दुर्घटनाग्रस्त कार नदी के पानी में आधी डूब गई। कार में तीन लोग सवार थे। सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पाटन के करारी ग्राम निवासी तीन व्यक्ति एक कार एमपी 20 जेडबी 7089 में सवार होकर पनागर गए थे। अपना काम करने के बाद कार सवार तीनों व्यक्ति बेलखाडू वापस लौट रहे थे। उनकी कार दोपहर को लगभग साढ़े तीन बजे ग्राम बघोड़ा के पास पहुंची। इस स्थान पर परियट नदी से पहले चढ़ाई है। चढ़ाई की जगह पर कार तेज गति से चल रही थी। इस दौरान अचानक कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो गया। अनियंत्रित कार लहराते हुए परियट नदी के पुल से नीचे गिर गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह पलट गगई। उसके पहिए ऊपर थे। लेकिन नदी में पानी कम होने से कार पूरी नहीं डूबी। इससे कार सवारों ने जैसे-तैसे कांच फोड़ा और मौके पर रूके कुछ राहगीरों की सहायता लेकर बाहर निकल आए। तीनों को मामूली चोट है। नदी में पानी ज्यादा नहीं होने से बड़ी घटना टल गई। बाद में मौके पर पहुंची क्रेन ने नदी से कार को बाहर निकाला।

# वन विभाग की कार्रवाई : रेत माफिया का पीछा कर ट्रैक्टर ट्राली की जप्त आरोपी और उसका साथी वाहन से कूंदकर फरार

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



वन रेंज पनागर परिक्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है स्थिति यह है कि माफिया लगातार रेत का अवैध उत्खनन और जंगली लकड़ी की कटाई में लगे हुए हैं जिसका ताजा मामला उस वक्त सामने आया जब वन विभाग की मुस्तैद टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध उत्खनन कर रेत का परिवहन करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली रक्त की इस दौरान ट्रैक्टर चालक और मजदूर टीम को देखकर मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। जानकारी अनुसार मुख्य वन संरक्षक मध्य वन वृत्त जबलपुर कमल अरोरा वनमण्डलाधिकारी , ऋषि मिश्रा , उपवनमंडलाधिकारी, एम एल बरकडे के लगातार अवैध गतिविधियों व वन अपराधों के रोकथाम सम्बन्धी निर्देशों एवं मार्गदर्शन के अंतर्गत देर रात लगभग 12 बजे वन परिक्षेत्र अधिकारी पनागर सौरभ शर्मा के दिशा निर्देशन पर रात्रि गश्ती के दौरान परिक्षेत्र पनागर टीम द्वारा परिक्षेत्र पनागर अंतर्गत परियट वृत्त की बीट हाथीडोल के पास अवैध उत्खनन व रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया, ड्राइवर और लेबर मौके से फरार हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली मय रेत जब्त कर सुबह 6 बजे डिपो पनागर लाकर खड़ा कर दिया गया है। ड्राइवर और वाहन मालिक की तलाश जारी है। नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मौका कार्यवाही में डिप्टी रेंजर शिव प्रसाद शर्मा, कार्यवाहक वनपाल दीपक कश्यप, जितेंद रोहित, वनरक्षक रामसंजीवन, पंकज, राजकुमार कुशवाहा, धीरज, नितेश, तन्मय ठाकुर, राजेन्द्र यादव, सफदर खां व अन्य की मुख्य भूमिका रही।

# 2 बाईकों में भिडंत, 1 की मौत




त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

सिहोरा थाना अतंर्गत भाग्यश्री वेयर हाउस के पास एक बाईक ने दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गौरहा निवासी भूरा उर्फ नंदकुमार घर से ग्राम भिटौनी अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनएम 9733 से जा रहा था, जैसे ही वह भाग्यश्री वेयर हाउस के पास पहुंचा, तभी पीछे से एक बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड जे 3171 के चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे भूरा उर्फ नंदकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने देवेंद्र यादव की लिखित शिकायत पर आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# तेज गर्मी में रेल यात्रियों के लिए स्टेशन में ठंडे पेयजल की व्यवस्था

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



जबलपुर रेल मंडल द्वारा तेज गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों को शुद्ध और ठंडा पेय जल प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है जिसके तहत मंडल के 12 स्टेशनों पर दो दर्जन अतिरिक्त प्याऊ खोले गए हैं। इस संबंध में सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन ने बताया कि स्टेशन पर सभी रेल यात्रियों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के इस अभियान के तहत रेलवे द्वारा प्लेटफार्म पर उपलब्ध नलों के साथ ही वॉटर कूलर और चलित प्याऊ के माध्यम से लोगों को निःशुल्क ठंडा एवं शुद्ध जल उपलब्ध कराए जा रहा है। इसी तरह स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों से भी यात्रियों को न्यूनतम राशि पर शुद्ध ठंडा पे जल उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसी कड़ी में मंडल के जबलपुर, पिपरिया, मैहर, दमोह, सागर सहित प्रमुख स्टेशनों से निकलने वाली गाड़ियों के यात्रियों के सामान्य दर्जे, शयनयान श्रेणी के कोचों के पास पहुंचकर चालित प्याऊ से स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही रेलवे के सदस्यों द्वारा यात्रियों को सुविधा एवं ठंडा पेयजल निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

# चाकूबाजी में युवक व मजदूर घायल

## रांझी और मझौली में वारदात

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



रांझी थाना अतंर्गत पुरानी बस्ती झंडा चौक में और मझौली के ग्राम सरोद में पुरानी रंजिश पर चाकूबाजी की अलग-अलग घटना में एक युवक व एक मजदूर घायल हो गए। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती झंडा चौक निवासी 56 वर्षीय संतोष चौधरी गत शाम लगभग 7.15 बजे किराना दुकान जा रहा था। उसी समय संजू लोधी किराना दुकान के सामने खड़ा था। संजू लोधी के दोस्त गगन बिरहा के विरुद्ध गत 17 अप्रैल को पत्नी द्वारा थाने में रिपोर्ट कराई गई थी इसी बात पर संजू लोधी उसे जातिगत रुप से अपमानित करते हुए गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर संजू लोधी ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506 तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) (व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी तरह मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरोदा निवासी 27 वर्षीय मजदूर सिया प्रसाद चौधरी गत रात लगभग 11.30 बजे लमकना घाना के पास से काम करके वापस अपने घर ग्राम सरोदा आ रहा था तभी गांव के पास रोड में गुलशन चौधरी खड़ा था जिसे उसने रोड से किनारे होने को कहा, तो गुलशन पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर चाकू से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बाईक की टक्कर से स्कूटी की सवार बहनें घायल

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

रांझी थाना अतंर्गत व्हीकल पैसक्ट्री गेट नंबर 1 के सामने एक बाईक ने एक स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। स्कूटी में सवार दो बहनें स्कूटी सहित नीचे गिरकर घायल हो गई। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी 32 वर्षीय श्रीमति आभा विश्वकर्मा गत दिवस अपनी दीदी के घर रांझी से दीदी के साथ अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसटी 7975 से अपनी मम्मी के घर न्यू कंचनपुर जा रही थी। शाम लगभग 7.30 बजे जैसे ही व्हीकल फैक्ट्री गेट नम्बर 1 के सामने रांझी पहुंचे तभी एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 3461 के चालक ने उसकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी, जिससे दोनों स्कूटी सहित नीचे गिर गए और दोनों को चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

विज्ञापन एवं एजेंसी के लिए संपर्क करें
सिटी ऑफिस- त्रिपुरी भवन, जेडीए योजना क्रं. 18, ब्लाक नं. 9 मेजेनाइन फ्लोर, सिविक सेंटर, जबलपुर।
फोन : 0761-4085321

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे
आकस्मिक चिकित्सा
सभी विभागों में भर्ती
एम्बुलेंस तथा दवाईयां
पैथोलॉजी तथा एक्सरे
•पॉईजनिंग •बर्न यूनिट •हॉर्ट अटैक •एक्सीडेंट एवं ट्रॉमा यूनिट
मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल के हितग्राहियों हेतु निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध
श्री शुभम् हॉस्पिटल
मदन महल चौक, दशमेश द्वार के पास, नागपुर रोड, जबलपुर
फोन : 0761-4051253, 9329486447

सन शाईन प्रिंट ग्राफिक्स
LED LETTER
2D / 3D BOARD
LASER CUTTING
फ्लैक्स प्रिंटिंग
काम करने वाले लड़का / लड़की की अवश्यकता है
MOB. 9893500501, 8602000501
1. हीरा फर्नीचर के बाजू से रद्दी चौकी, जबलपुर
2. अधारताल थाने के सामने, अधारताल, जबलपुर

प्रदेश का अग्रणी संस्थान SINCE 1996
ACST
Tally
PYTHON
JAVA C, C++ CPCT
नए बैच प्रारम्भ 40% छूट
चौपाटी के पास, सिविक सेंटर, जबलपुर मो: 4007077, 9993030707

JICS
M.Sc PG DCA DCA B.Com BCA TALLY
प्रवेश प्रारंभ
जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस
अधारताल भारत गैस के बाजू में मेन रोड जबलपुर
PH.:0761-4066631Mo.:9827200559, 9893322108

Estd. 2004
यश नर्सरी हा. से. स्कूल
बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लगातार 15 वर्ष
9वीं /11 वीं फेल/ पास विद्यार्थी सीधे 10वीं/12 वीं फार्म भरें
10th/12th में परसेन्ट बढ़ाने CBSC/ICSE से MP BOARD में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउंट
English & Hindi Medium
बस एंव हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
नोटः- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं, इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100% रिजल्ट
गुलाब टावर के सामने, साक्षी बाइक प्वाइंट के बाजू में मानसरोवर कालोनी, अधारताल, जबलपुर
सम्पर्कः- 9303580611, 6263988587,7987974850, 0761-2680811 (समय- सुबहः 8 से शाम:4 तक)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक डॉ. राजेश जायसवाल के लिए, एन.एम. पब्लिकेशन प्रा. लि., उखरी चौक, एम.आर.-4 रोड, जबलपुर (म.प्र.) से मुद्रित और कल्चुरी भवन हाउस नं. 3367/1, विवेक नगर, आधारताल, जबलपुर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक : डॉ.राजेश जायसवाल* सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के जिम्मेदार। आरएनआई नं. MPHIN/2014/60079 मो. 9425154229, फोन-0761-4085321 e-mail: tripuritimes@gmail.com